हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

रायपुर में तेज हवाओं के साथ बूंदे टपकी



तेज गर्मी के बीच मौसम ने बदली करवट, कई राज्यों में बारिश के हालात, तीन दिनों के लिए अलर्ट

# मैनपाट इलाके में कश्मीर का नजारा, जमकर बरसे ओले

पश्चिमी विक्षोभ ने छत्तीसगढ़ समेत देश के 21 राज्यों का मौसम बदल दिया। कहीं बारिश के हालात बने तो कहीं जमकर ओले बरसे। सरगुजा संभाग में मैनपाट और बलरामपुर जिलान्तर्गत सामरी व लहसुन पाट में आधा घंटा ओले बरसे। बेमौसम बारिश एवं ओलावृष्टि होने के कारण शुक्रवार को सुबह सामरी पाट एवं लहसुन पाट में कश्मीर जैसा दृश्य निर्मित हो गया था। इधर, रायपुर में तेज हवाएं चली और बूंदाबांदी भी हुई। मौसम में बदलवा की वजह से तापमान नीचे उतर आया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर, अम्बिकापुर

विक्षोभ के प्रभाव से पिछले तीन दिनों से आसमान पर घने बादल छाए है। गुरुवार को शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में गरज-चमक के साथ हल्की वर्षा हुई। बलरामपुर जिलान्तर्गत सामरी पाट एवं लहसुन पाट में सुबह जमकर ओले गिरे। ओलावृष्टि के कारण चारों



तरफ बर्फ की सफेद परत जम गई थी। मैनपाट अंतर्गत ग्राम सरभंजा सहित आसपास के क्षेत्रों में सुबह आधे घंटे तक ओले गिरे। शुक्रवार को संभाग के कुछ क्षेत्रों में भारी वर्षा होने की सूचना है। ओलावृष्टि एवं बेमौसम बारिश के कारण गर्मी के मौसम में भी ठंड लग रही है। मौसम में आए बदलाव के कारण पिछले 24 घंटे के भीतर दिन के तापमान में 6.0 डिग्री ▶▶|शेष पेज 7 पर


## देश के कई इलाकों में होगी भारी बारिश हीटवेव का भी अलर्ट

**नई दिल्ली।** गर्मी अब पूरे देश में प्रभाव दिखा रही है। अगले कुछ दिनों में देश के ज्यादातर हिस्सों में हीट वेव की संभावना है। हालांकि, कुछ इलाकों में बारिश और ओले गिर सकते हैं। अगले 10 दिनों के दौरान विशेषतौर पर पूर्वी भारत में ओले गिरने और वज्रपात की घटनाएं काफी देखने को मिलेंगी। दक्षिण भारत के कुछ हिस्सों में भारी बारिश भी हो सकती है। पश्चिमी भारत के तटीय इलाके और गुजरात में लू की चेतावनी दी गई है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 2 दिनों में पूर्वी और मध्य भारत में भीषण वज्रपात की घटनाओं के साथ ही ओलावृष्टि होने की संभावना है। आईएमडी के अनुसार शनिवार 22 मार्च को भी पूर्वी उत्तर प्रदेश, पूर्वी मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु और केरल में भी वज्रपात की चेतावनी दी गई है। बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र में हेलस्टॉर्म यानी आंधी के साथ ओले और धूल भरी आंधी का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।



बजट सत्र का समापन

## डा. रमन बोले-अजय हमारे बुमराह



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र के समापन की घोषणा करते हुए विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा मौजूदा विधानसभा भवन में यह अंतिम बजट सत्र भी हो सकता है। सत्र के दौरान सभी सदस्यों ने परिणाम मूलक चर्चा की है। अजय चंद्राकर हमारे सदन के जसप्रीत बुमराह हैं। अजय चंद्राकर की बोलिंग से बहुत लोग आहत होते हैं। आईएमए में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम रखा गया है। यह 22 और 23 मार्च को होगा। विधानसभा में बजट सत्र के दौरान 111 घंटे चर्चा हुई। आगामी सत्र, जो पावस सत्र भी होगा, उसकी तिथि जुलाई में होना सम्भावित है। सत्र के दौरान कुल 2504 प्रश्न लगाए गए। इसमें से 133 सवालों पर अनुपूरक सवाल पूछे गए। प्रश्नकाल के दौरान 98 प्रतिशत प्रश्नों ▶▶|शेष पेज 7 पर

दो जिलों में मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों की ली जा रही खोज खबर, दस की पहचान बाकी

# जिसने किया था समर्पण, वही बना काल 20 नक्सलियों पर एक करोड़ का ईनाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर/बीजापुर/कांकेर


बीजापुर व कांकेर जिले में मारे गए 30 नक्सलियों में 20 की शिनाख्त हो चुकी है। इन पर 1 करोड़ तीन लाख का ईनाम घोषित था। मारे गए नक्सलियों में 15 महिला व 15 पुरुष माओवादी शामिल है। बीजापुर जिले में मारे गए 26 वर्दीधारी नक्सलियों में 18 तथा कांकेर जिले में मारे गए 4 नक्सलियों में 2 की शिनाख्त कर ली गई है। जानकारी के मुताबिक हाल ही में 5 लाख की ईनामी एरिया कमेटी मेंबर पत्नी के साथ समर्पण करने वाला 8 लाख का ईनामी दिनेश मोडियाम की पीएलजीए बटालियन नम्बर 13 के सफाए में अहम भूमिका रही। जिला मुख्यालय बीजापुर में पत्रकारों को मुठभेड़ की जानकारी देते हुए आईजी सुंदरराज पी, डीआईजी दंतेवाड़ा रेंज कमलोचन कश्यप, एसपी बीजापुर ▶▶|शेष पेज 7 पर

हरिभूमि फॉलोअप

बीजापुर जिले में सक्रिय पीएलजीए बटालियन नम्बर 13 का सुरक्षाबलों ने लगभग सफाया कर दिया है। यहां सक्रिय सभी 26 नक्सलियों को सुरक्षाबलों ने मार गिराया है। बटालियन नम्बर 13 के सफाए में 8 लाख का समर्पित नक्सली डीवीसीएम दिनेश मोड़ियाम ही उनके काल का कारण बना, उसी की निशानदेही पर फोर्स ने आपरेशन लांच किया और नक्सलियों के ठिकाने पर पहुंचे सुरक्षाबलों ने इस बटालियन में सक्रिय सभी नक्सलियों को मार गिराया।


नक्सलियों पर बड़ा प्रहार
30 का संहार





### घटनास्थल से बरामद हुए घातक हथियार

बीजापुर जिले में मुठभेड़स्थल से बरामद हथियारो में एके-47, स्नाइपर एसएलआर, इंसास राइफल, 303 राइफल, रॉकेट लॉन्चर, बीजीएल लॉन्चर सहित बड़ी मात्रा में हथियार और विस्फोटक बरामद हुए। वहीं कांकेर जिले में बरामद हथियारों व सामग्री में एसएलआर, 303 रायफल आटोमटिक, सेमीआटोमटिक सहित गोला बारूद व अन्य नक्सल सामग्री बरामद किया गया है।



### मारे गए नक्सलियों में इनकी हुई शिनाख्त

कांकेर जिले में मारे गए चार नक्सलियों में 2 की शिनाख्त हुई। जिनमें 8 लाख का ईनामी कम्पनी नम्बर 5 का मेंबर लोकेश हेमला व किसकोड़ो एलओएस मेंबर 2 लाख का ईनामी जगत उर्फ गगन शामिल है। वहीं मारे एक महिला व एक पुरुष माओवादी कि शिनाख्त नहीं हो सकी है। वहीं बीजापुर जिले मे मारे गए नक्सलियों में एक 8 लाख का ईनामी डीवीसीएम पश्चिम बस्तर डिविजन का सीतो कड़ती निवासी ग्राम मुण्डेर तथा 5-5 लाख के ईनामी एसीएम रेंक के 17 नक्सलियों में सुकई हपका, सुक्की पूनेम, कांती लेकाम, मधु कुंजाम, सुखराम ओयाम, कोसी पूनेम, वांगा, बुधरू पूनेम, आयते हेमला, लच्छी पूनेम, जुगनी, सरिता, नंदा, जितेन्द्र, मोटू पोड़ियामी, लखमा ओयाम व मंगू ओयाम शामिल है। यहां मारे गए शेष 8 नक्सलियों के शिनाख्त का प्रयास जारी है।

## मैनपुर में नक्सलियों के विस्फोटक के साथ आठ लाख बरामद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के मैनपुर क्षेत्र में नक्सलियों द्वारा छिपाकर रखे 8 लाख रुपए नगद और हथियारों का जाखिरा पुलिस ने बरामद किया है। माओवादी संगठन धमतरी-गरियाबंद-नुआपाडा डिविजन के माओवादियों द्वारा विस्तारवादी नीति तथा दहशत फैलाने के उद्देश्य से थाना मैनपुर अंतर्गत ग्राम पण्डरीपानी से लगे पहाड़ी क्षेत्र में विस्फोटक समाग्री सहित ग्रामीणों एवं कारोबारियों को डरा-धमका कर अवैध रूप से वसूले गए नगद राशि डंप कर रखा गया था। जिसके संबंध में स्थानीय सूचना तंत्रों के माध्यम से जानकारी ▶▶|शेष पेज 7 पर

### पांच किलो के डिब्बे में रखे थे रुपए

जगह की खुदाई करने पर एक सफेद रंग के बोरी के अंदर लगभग 05 किलो का एक स्टील डिब्बा मिला। जिसके अन्दर नीले रंग की झिल्ली में 8 लाख रुपए एवं 13 नग ज्वलनशील जलेटिन विस्फोटक तथा नक्सली बैनर, डायरी, कापी, साहित्य बरामद किए गए हैं।







| पॉलिसी अवधि | प्रीमियम भुगतान अवधि |
|---|---|
| 16 | 10 |
| 21 | 15 |
| 25 | 16 |

# Agriculture & Industrial *Needs*

We need lot of **BLUE** to remain **GREEN.**











# विश्व जल दिवस

## विश्व जल दिवस का इतिहास

पूरे विश्व के लोगों द्वारा हर वर्ष 22 मार्च को विश्व जल दिवस मनाया जाता है। वर्ष 1993 में संयुक्त राष्ट्र की सामान्य सभा के द्वारा इस दिन को एक वार्षिक कार्यक्रम के रुप में मनाने का निर्णय किया गया। लोगों के बीच जल का महत्व, आवश्यकता और संरक्षण के बारे में जागरुकता बढ़ाने के लिये हर वर्ष 22 मार्च को विश्व जल दिवस के रुप में मनाने के लिये इस अभियान की घोषणा की गयी थी। इसे पहली बार वर्ष 1992 में ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में पर्यावरण और विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन की अनुसूची 21 में आधिकारिक रुप से जोड़ा गया था और पूरे दिन के लिये अपने नल के गलत उपयोग को रोकने के द्वारा जल संरक्षण में उनकी सहायता प्राप्त करने के साथ ही प्रोत्साहित करने के लिये वर्ष 1993 से इस उत्सव को मनाना शुरू किया।

## विश्व जल दिवस कैसे मनाया जाता है

पर्यावरण, स्वास्थ्य, कृषि और व्यापार सहित जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में जल के महत्व की ओर लोगों की जागरुकता बढ़ाने के लिये पूरे विश्व भर में विश्व जल दिवस मनाया जाता है। इसे विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम और क्रियाकलापों के आयोजनों के द्वारा मनाया जाता है जैसे दृश्य कला, जल के मंचीय और संगीतात्मक उत्सव, स्थानीय तालाब, झील, नदी और जलाशय की सैर, जल प्रबंधन और सुरक्षा के ऊपर स्थानीय, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर परिचर्चा, टीवी और रेडियो चैनल या इंटरनेट के माध्यम से संदेश फैलाना, स्वच्छ जल और संरक्षण उपाय के महत्व पर आधारित शिक्षण कार्यक्रम, प्रतियोगिता तथा ढ़ेर सारी गतिविधियाँ। नीले रंग की जल की बूँद की आकृति विश्व जल दिवस उत्सव का मुख्य चिन्ह है।

Contact for ad
9340808313













रायपुर
शनिवार, 22 मार्च 2025
चैत्र कृष्ण पक्ष अष्टमी
वर्ष : 23, अंक : 243
पृष्ठ : 14+8 = 22 मूल्य : 5 .00**

मौसम
अधि. 36.0
न्यून. 25.8

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

# स्टेरॉयड की टेबलेट अमानक, पैरासीटामाल, गैस्टिक की दवा भी फेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए दी जाने वाली स्टेरॉयड कम असरदार थी। डूमतराई दवा बाजार से उठाए गए टेबलेट के सैंपल जांच में अमानक पाए गए हैं। बीटा जोक्स नामक इस जेनेरिक दवा का निर्माण यूपी की यूनीप्लस बायोटेक कंपनी द्वारा किया जाता था और सप्लाई जेनकेम लाइफ साइंस एमपी की कंपनी द्वारा की जाती थी। इसी तरह पैरासीटामाल, गैस्टिक की दवा और सर्जिकल स्प्रिट के सैंपल भी जांच में फेल हुए हैं। दवा में मिलावट अथवा उसके निर्माण में तय मापदंडों का पालन नहीं करना गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है। इस तरह की अमानक दवाओं की पहचान के लिए खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम लगातार दवाओं के सैंपल लेकर जांच के बाद कार्रवाई करती है। पिछले चार महीने में चार दवाओं के अमानक पाए जाने पर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। जनवरी में डूमरतराई के दवा बाजार ▶▶|शेष पेज 7 पर

खास खबर

## यूपी में बनती थी बीटाजोक्स, इंदौर से होती थी सप्लाई, दोनों संस्थानों को नोटिस

### टेबलेट वापस कंपनी को

स्टेरॉयड की दवा के अमानक पाए जाने पर छत्तीसगढ़ में बेचे गए स्टॉक को वापस कंपनी को भिजवाया जा रहा है। इसके साथ ही कंपनी प्रतिनिधियों के स्पष्टीकरण आने के बाद उनके खिलाफ न्यायालय में ड्रग एक्ट की विभिन्न गैर जमानतीय धाराओं के अंतर्गत परिवाद पेश किया जायेगा।




### कड़ी कार्रवाई की जा रही

संबंधित प्रकरणों में जिम्मेदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। दवाओं की गुणवत्ता को परखने के लिए लगातार जांच भी की जा रही है।

- **बसंत कुमार कौशिक,** सहायक नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन

### शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर

खाद्य एवं औषधि प्रशासन के नियंत्रक चंदन कुमार ने दवाओं के अमानक मिलने के मामले को देखते हुए दवाओं की गुणवत्ता पर किसी तरह की शंका होने पर टोल फ्री नंबर 9340597097 में जानकारी देने की बात की है। उन्होंने सभी चिकित्सकों से इस बात का अनुरोध किया है कि उपचार के दौरान दवाओं के संबंध में संदेह हो, तो इसके जानकारी दें।

आईपीएल का आगाज आज

## 65 दिन में होंगे 74 मुकाबले



**कोलकाता।** आईपीएल के 18वें सीजन का धमाकेदार आगाज 22 मार्च को हो रहा है। इंडियन प्रीमियर लीग का पहला सत्र 2008 से शुरू हुआ था। इस तरह आईपीएल अब 18 साल का सफल वयस्क टूर्नामेंट हो गया है। पहले मैच में कोलकाता के ईडन गार्डन्स में डिफेंडिंग चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु भिड़ेंगे। फाइनल मुकाबला कोलकाता के ईडन गार्डन्स में ही 25 मई को होगा। 10 टीमों के बीच 65 दिन में 74 मुकाबले खेले जाएंगे। ▶▶|शेष पेज 7 पर

### ओपनिंग सेरेमनी : श्रेया घोषाल दिशा पाटनी का दिखेगा जलवा

*आईपीएल 2025 की ओपनिंग सेरेमनी ईडन गार्डन्स में 22 मार्च यानी शनिवार को शाम 6 बजे होगी, जिसमें श्रेया घोषाल, दिशा पाटनी जैसी मशहूर बॉलीवुड हस्तियां अपनी प्रस्तुति देंगी। ओपनिंग सेरेमनी का प्रसारण भी टीवी पर स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क और लाइव स्ट्रीमिंग के जरिए जियोहॉटस्टार पर देखा जा सकता है। सेरेमनी में बॉलीवुड के बड़े सितारे जैसे वरुण धवन और श्रृद्धा कपूर भी अपने हिट गानों पर परफॉरमेंस देंगे।*

## खबर संक्षेप

### अनंतनाग में आग से 20 से अधिक घर खाक



**अनंतनाग।** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में कल लगी भीषण आग में 20 से अधिक घर जलकर खाक हो गए जिससे करीब तीन दर्जन परिवार बेघर हो गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि आग दक्षिण कश्मीर जिले के कादीपोरा इलाके के गाजी नाग में एक घर में लगी जो तेजी से आसपास के घरों तक फैल गई।

### दिल्ली-लखनऊ फ्लाइट में मृत मिला यात्री



**नई दिल्ली।** दिल्ली से लखनऊ आ रहे एयर इंडिया के विमान एआई 2845 में एक यात्री की मौत हो गई। मृतक यात्री की पहचान आसिफुल्लाह अंसारी के रूप में हुई है। अंसारी बिहार में गोपालगंज के रहने वाले हैं। विमान में अंसारी को खाना और पानी परोसा गया।

# घर की आग से बाहर मचा हल्ला, जज के घर करोड़ों कैश, सियासी गर्मी के बीच तबादला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा के सरकारी आवास पर अचानक आग लगने के बाद फायर ब्रिगेड टीम को लगभग 15 करोड़ रुपए नकद मिलने के दावे की जानकारी लगते ही न्यायिक गलियारों में सनसनी फैल गई। इस घटना के बाद सुप्रीम कोर्ट कोलेजियम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए जस्टिस यशवंत वर्मा का तबादला इलाहाबाद हाईकोर्ट कर दिया। हाईकोर्ट जस्टिस के घर से नकद बरामद होने का मामला संसद के दोनों सदनों में भी जमकर उछला। राज्य सभा में कांग्रेस नेता जयराम रमेश एवं सपा के सांसद वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल सहित अन्य सदस्यों ने जमकर हंगामा किया। वहीं दूसरी ओर दिल्ली अग्नि शमन प्रमुख ने इस दावे को सिरे से नकार दिया कि जस्टिस यशवंत वर्मा के घर से भारी मात्रा में नकदी बरामद हुई है। इधर, इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर जस्टिस वर्मा की यहां ज्वाइनिंग हुई प्रदेश के सभी वकील अपना कामकाज ठप कर देंगे।

### कैसे होती है जजों के खिलाफ जांच?

संवैधानिक न्यायाधीशों के खिलाफ भ्रष्टाचार या अनियमितता की जांच के लिए 1999 में सुप्रीम कोर्ट द्वारा बनाई गई इन-हाउस प्रक्रिया लागू की जाती है. इस प्रक्रिया के तहत - सीजेआई पहले न्यायाधीश से जवाब मांगते हैं। यदि जवाब संतोषजनक न हो, तो सुप्रीम कोर्ट के एक जज और दो हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीशों की इन-हाउस जांच समिति गठित की जाती है। इसके बाद अगर जरूरी हुआ, तो संसद में महाभियोग की प्रक्रिया शुरू हो सकती है।



### की गई त्वरित कार्रवाई

वहीं स्थानीय पुलिस द्वारा उच्च अधिकारियों को सूचना देने के बाद, मामला केंद्र सरकार तक पहुंचा। इसके बाद, मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने इस मामले को गंभीरता से लिया और तत्काल कॉलेजियम बैठक बुलाई।

### जस्टिस के आवास से कोई नकदी नहीं मिली: डीएफएस प्रमुख

*इधर, दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के आवास पर लगी आग बुझाने के दौरान दमकल कर्मियों को कोई नकदी नहीं मिली। यह जानकारी दिल्ली अग्निशमन सेवा प्रमुख अतुल गर्ग ने दी। गर्ग ने बताया कि आग स्टेशनरी और घरेलू सामान से भरे एक स्टोर रूम में लगी थी। गर्ग ने कहा हमारे अग्निशमन कर्मियों को अग्निशमन अभियान के दौरान कोई नकदी नहीं मिली।*

### हम कूड़ादान नहीं हैं: बार एसोसिएशन

*प्रयागराज। दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के बंगले में आग लगने के बाद वहां कथित तौर पर भारी मात्रा में नकदी मिलने और उच्चतम न्यायालय के कॉलेजियम द्वारा न्यायमूर्ति वर्मा का इलाहाबाद उच्च न्यायालय में स्थानांतरण करने की घटना पर हाईकोर्ट बार एसोसिएशन, इलाहाबाद ने कहा है कि "हम कूड़ादान नहीं हैं। एसोसिएशन ने कहा यह गंभीर चिंता का विषय है। न्यायाधीश के तौर पर वर्मा की नियुक्ति हुई तो वकील अपना कामकाज ठप कर देंगे।*

### राज्यसभा में बवाल, 55 सांसदों ने लिखा पत्र

राज्यसभा में कार्यवाही शुरू होते ही दिल्ली हाई कोर्ट जज के घर मिले नोटों के ढेर का मुद्दा उठा। कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने इस मामले को उठाते हुए सभापति से कहा कि 55 सदस्यों ने आपको पत्र लिखकर यह मांग की है कि केंद्र सरकार न्यायपालिका की अकाउंटेबिलिटी बढ़ाने के लिए जरूरी कदम उठाए। वरिष्ठ वकील और राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने इसे लेकर चिंता जताई है।

सांकरा और जमरूवा के बीच मोड़ पर हुआ

# एनएच 930 पर सड़क हादसा तीन की मौत, पांच घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

एनएच 930 बालोद धमतरी मार्ग पर ग्राम सांकरा के पास हुए एक हादसे में 3 लोगों की मौत हो गई। वहीं, 5 लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना शुक्रवार की सुबह की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार जानकारी के मुताबिक भिलाई से 6 राइडर्स तीन स्पोर्ट्स बाइक में सवार होकर शुक्रवार को सुबह 7 बजे केशकाल के लिए निकले थे, जो झलमला से ▶▶|शेष पेज 7 पर

### विवेचना में लिया गया है

*अधिक स्पीड होने के कारण गाड़ी संभल नहीं पाई और सामने बरही तरफ से आ रही फैमली की मोटर साइकिल से टक्कर हो गई। जिससे सैय्यद, आनंद और कु. दीक्षा की मौके पर मौत हो गई हैं और 5 लोग घायल हैं। जिसमें 3 गंभीर होने पर मेकाहारा रिफर किया गया हैं। मामले में विवेचना जारी है।*

*-अशोक कुमार जोशी, एएसपी, बालोद*

**इन लोगों को हुई मौत:** हादसे में हासिर सैय्यद (25) और आनंद कुमार (27) की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों भिलाई पावर हाउस के रहने वाले थे। हासिर शैय्यद और आनंद कुमार आगे की बाइक पर सवार थे। वहीं ग्राम बरही निवासी दीक्षा यादव (1 साल 4 माह) की बच्ची को जिला अस्पताल ले जाने पर डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।




RALAS MOTORS: RAIPUR, BALODA BAZAR, MAHASAMUND, SARAIPALI - 7290057246, SHIVNATH AUTOMOBILES: BHILAI, RAJNANDGAON, BALOD, KAWARDHA, BEMETARA - 7290057248, SHIVNATH MOTORS: RAIPUR, GARIABAND - 9667947878, RALAS AUTOMOBILES: DHAMTARI, KANKER, KONDAGAON - 7290057247, BR BALAJI LLP: JAGDALPUR, SUKMA, DANTEWADA, BIJAPUR - 8448989091



# समंदर की गहराइयों में मिले 'सुपरनोवा कब्रिस्तान' के सबूत


वॉशिंगटन। ब्रह्मांड के कई ऐसे रहस्य हैं जिनका राज-फाश होना अभी बाकी है। वैज्ञानिक सालों से इन रहस्यों की गुत्थी को सुलझाने में लगे हैं। हाल ही में एक रिसर्च में सामने आया है कि लगभग 1 करोड़ साल पहले पृथ्वी के पास महा विस्फोट हुआ था, जिसके सबूत समंदर के अंदर और चांद पर मौजूद हैं। समंदर में गहराइयों में शोधकर्ताओं ने रेडियोधर्मी प्लूटोनियम की एक अनूठी किस्म पाई है। जो किलोनोवा नामक ब्रह्मांडीय विस्फोट की एक दुर्लभ प्रजाति का मलबा प्रतीत होता है। वैज्ञानिकों का मानना है कि यह संभवतः लगभग 10 मिलियन साल यानी एक करोड़ साल पहले पृथ्वी के पास विस्फोटित हुआ था।

## चांद पर भी है मौजूद! 1 करोड़ साल पहले की रहस्यमयी घटना



### वैज्ञानिकों के हाथ लगी बड़ी सफलता

इलिनोइस अर्बाना शैंपेन विश्वविद्यालय के खगोलशास्त्री ब्रायन फील्ड्स ने 2025 अमेरिकन फिजिकल सोसाइटी ग्लोबल फिजिक्स समिट में कहा कि हम एक सुपरनोवा कब्रिस्तान में रहते हैं। सुपरनोवा.. चट्टानों के छोटे-छोटे कण बनाते हैं जो सचमुच पृथ्वी पर बरस सकते हैं। वे समंदर की गहराई में जमा हो सकते हैं और चांद पर भी लटके मिल सकते हैं। बता दें कि फील्ड्स ने 1990 के दशक से ही इस ब्रह्मांडीय मलबे के बारे में सिद्धांत बनाए हैं। लेकिन, 2004 तक शोधकर्ताओं ने समंदर के नमूनों से सुपरनोवा के अवशेषों को छांटना शुरू नहीं किया था। उन्हें लोहे के रेडियोधर्मी संस्करण के निशान मिले जो पृथ्वी पर स्वाभाविक रूप से नहीं पाए जाते हैं।

### क्यों बेहद खास है यह खोज

बाद के वर्षों में समंदर और चांद दोनों से लगभग एक दर्जन से अधिक नमूनों ने इस विस्फोटक इतिहास की अधिक विस्तृत तस्वीर पेश की। फील्ड्स और उनके सहयोगियों के अपडेटेड सिद्धांतों ने 3 मिलियन और 8 मिलियन साल पहले हुई दो अलग-अलग सुपरनोवा घटनाओं की ओर इशारा किया। 2021 में यह कहानी और भी दिलचस्प हो गई. जब शोधकर्ताओं ने उन्हीं नमूनों में एक और भी दुर्लभ पदार्थ की खोज की- प्लूटोनियम का एक रेडियोधर्मी। इस खोज के लिए एक ऐसी मूल कहानी की जरूरत थी जो सुपरनोवा को जन्म देने वाली हिंसक सितारों की मृत्यु से भी अधिक असामान्य हो।

### सालों से चल रहा है शोध

शोधकर्ताओं ने जो प्लूटोनियम वैरिएंट पाया वह किलोनोवा से आया माना जाता है। विस्फोट जो दो बाइनरी न्यूट्रॉन सितारों के एक- दूसरे की ओर एक प्रलयंकारी टक्कर के कारण होता है। किलोनोवा हमारे ग्रह के कुछ दुर्लभ तत्वों जैसे सोना और प्लैटिनम के लिए भी जाना जाता है। खगोलविदों ने लंबे समय से इस तरह के विस्फोट को जानने की कोशिश की है। अब फील्ड्स और उनके सहयोगियों को संदेह है कि एक अलग किलोनोवा घटना उन दो पहले से पहचाने गए सुपरनोवा से पहले हुई थी।। जो कम से कम 10 मिलियन साल पहले हुई थी।

## रोचक खबरें



### ये है दुनिया का सबसे महंगा कुत्ता, भारतीय ने 50 करोड़ में खरीदा, भेड़िए जैसी होती है ताकत

**नई दिल्ली**। जब भी वफादारी की बात होती है, तो सबसे पहले कुत्तों का नाम आता है। शायद ही कोई कुत्तों से अधिक वफादार हो। इंसान भी कुत्तों से प्यार और पसंद करता है। दुनियाभर में बहुत से ऐसे लोग हैं, जो हजारों और लाखों रुपए खर्च कर कुत्तों की विदेशी नस्लें मंगवाते हैं। सूझबूझ से लेकर शारीरिक क्षमता में कुत्तों का कोई जवाब नहीं है। लेकिन ,क्या आप जानते हैं कि कुत्तों में सबसे महंगा कुत्ता कौन सा है? दुनिया में एक कुत्ता है, जो भेड़िए की तरह ताकतवर और फुर्तीला है। यह दूसरे कुत्तों की तरह ही है। इस खास कुत्ते को वुल्फडॉग कहा जाता है। यह अपनी ताकत और चेहरे के कारण मशहूर है। साथ ही यह दुनिया का सबसे महंगा कुत्ता है। वुल्फडॉग की कीमत लाखों-करोड़ों में है। यह कुत्ता एक बार फिर लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। इस बार इसकी कीमत की वजह से लोगों के बीच चर्चा हो रही है। दरअसल, बेंगलुरु के ब्रीडर एस सतीश ने दुनिया के सबसे महंगे कुत्ते को खरीदा है। इस वुल्फडॉग की कीमत 50 करोड़ रुपए है। माना जा रहा है कि यह अभी तक का सबसे महंगा कुत्ता है। यह अपनी तरह का पहला कुत्ता है। यह जंगली भेड़िये और कोकेशियान शेफर्ड का मिक्स ब्रीड है।

### आलू-टमाटर जैसे झोले में भरे बच्चे बाइक पर टांगकर निकला बाप

**नई दिल्ली**। कई बार ऐसा होता है कि हमें कहीं जाना होता है, लेकिन हमारे पास साधन पर्याप्त नहीं होते हैं। ऐसे में लोगों को एक ही वाहन में एडजस्ट करके बिठाया जाता है। अगर कार है, तो लोग किसी तरह घुसकर बैठ भी जाते हैं लेकिन अगर बाइक है, तो स्थिति अलग हो जाती है। एक ऐसी ही तस्वीर इस वक्त सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है।आमतौर पर जब भी बच्चों को किसी भी वाहन पर बिठाकर ले जाते हैं, तो ज़िम्मेदारी बढ़ जाती है। वायर वीडियो में नज़ारा कुछ अलग ही दिख रहा है। यहां पर जिस तरह से एक पिता ने अपनी सामान्य की बाइक पर 5 बच्चों को एडजस्ट किया हुआ है, वो बेहद खतरनाक है।



**झोले में भरकर टांग लिए बच्चे** : वायरल हो रहा वीडियो टर्की के अंदाना शहर का बताया जा रहा है। इसमें आप देख सकते हैं कि एक शख्स सिग्नल पर रुका हुआ है। वो आगे गाड़ी चला रहा है और पीछे उसके बच्चे बैठे हुए हैं। तीन बच्चे पर बाइक की सीट पर हैं, लेकिन दो बच्चे झोले में किसी सामान की तरह भरे हुए हैं जिन्हें बाइक के दोनों तरफ टांगा गया है। पीछे बैठी हुई लड़की इन झोलों को हाथ से पकड़े हुए है, ताकि वो गिरें नहीं। ये खतरनाक राइड देखकर किसी का भी दिल बैठ सकता है।

### सप्ताह में बस 42 घंटे काम, सालाना 1.5 करोड़ सैलरी रहना-खाना सबकुछ फ्री, लेकिन एक छोटी सी शर्त

**लंदन**। दुनियाभर में कई खूबसूरत द्वीप हैं, जहां लोग छुट्टियां बिताने जाते हैं। इसके लिए वे लाखों रुपए खर्च करते हैं। ऐसे में आज हम आपको एक ऐसे खूबसूरत आइलैंड के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर आपको रहना-खाना सबकुछ मुफ्त मिलेगा। इसके अलावा अगर आप यहां पर गए तो रहने के बदले में 1.5 करोड़ रुपए भी मिलेगा। लेकिन, एक शर्त है, अगर आप इसमें फिट नहीं बैठते तो आपके लिए ये जगह नहीं है। अगर मामला जम गया तो वारे-न्यारे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, उइस्ट और बेनबेकुला नाम का यह आइलैंड स्कॉटलैंड के पश्चिमी तट पर बसा हुआ है। अभी यहां सिर्फ 40 लोग रहते हैं। लेकिन, आने वाली गर्मियों में इस आइलैंड पर बहुत सारे टूरिस्ट पहुंचने की संभावना है। इसका ध्यान रखते हुए वहां के प्रशासन ने कुछ नौकरियां निकाली हैं, ताकि टूरिस्ट्स का विशेष ध्यान रखा जा सके।पहली पोस्ट एक जनरल प्रैक्टिशियन यानी डॉक्टरों की है। लेकिन , उसके लिए जो सुविधाओं की बात कही गई है, वह वास्तव में काफी अलग और अनोखी हैं। सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी वायरल हो रही है।



**डॉक्टर को मिलेगी 1 करोड़ सालाना सैलरी** : वायरल हो रहे पोस्ट के मुताबिक, एनएचएस वेस्टर्न आइल्स की ओर जारी की गई भर्ती में कहा गया है कि डॉक्टर को 1 करोड़ सालाना सैलरी मिलेगी, जो ब्रिटेन के डॉक्टरों से लगभग 40 प्रतिशत ज्यादा है। इसके अलावा 8 लाख रुपए ट्रांसफर एलाउंस, 1.3 लाख रुपए वर्किंग एलाउंस और 11 लाख रुपए गोल्डन एलाउंस अलग से मिलेगा। इन तमाम खर्चों को जोड़ दिया जाए तो तकरीबन 1.5 करोड़ रुपए मिलेंगे। हफ्ते में सिर्फ 40 से 42 घंटे ही काम करना होगा। जो इस द्वीप पर काम करना चाहते हैं, उनकी ग्रामीण चिकित्सा में रुचि होनी चाहिए। इसके अलावा, आपके पास तटीय क्षेत्रों में काम करने का अनुभव भी जरूरी है।

# डार्क एनर्जी के नए सच ने वैज्ञानिकों को चौंकाया! क्या ब्रह्मांड के अस्तित्व पर मंडरा रहा नया संकट?

वॉशिंगटन। सुनीता विलियम्स के अंतरिक्ष से धरती पर लौटने के बाद 'स्पेस साइंस' से जुड़े सवालों के जवाब लोगों को हैरान कर रहे हैं। स्पेस में हर क्षण कितना कुछ घट रहा है? आम आदमी की ये कल्पना से भी परे है। दुनिया भर के वैज्ञानिकों के लिए ये ब्रह्मांड आज भी बेहद कौतूहल का विषय है। इसके रहस्यों को सुलझाने के लिए साइंटिस्ट दिन-रात रिसर्च कर रहे हैं। अब एक नई रिसर्च में 'डार्क एनर्जी' के बारे में कई खुलासे हुए हैं। नई थ्योरी में ये अंदेशा जताया जा रहा कि डार्क एनर्जी समय से साथ कमजोर पड़ती जा रही है। अगर ऐसा हुआ तो ब्रह्मांड के लिए ये एक बड़ा खतरा होगा।

### डार्क एनर्जी क्या है?

सबसे पहले जान लीजिए कि आखिर ये डार्क एनर्जी है क्या? डार्क एनर्जी दरअसल एक अदृश्य शक्ति है, जो ब्रह्मांड को तेजी



से फैला रही है। यह न तो प्रकाश के साथ और न ही किसी पदार्थ के साथ प्रतिक्रिया करती है। वैज्ञानिक अभी तक यह नहीं समझ पाए हैं कि यह कैसे काम करती है या यह कहां से आती है। शिकागो यूनिवर्सिटी साइंटिस्ट जोशुआ फ्रीमैन का मानना है कि डार्क मैटर और डार्क एनर्जी के बीच 'ब्रह्मांडीय खींचतान' चल रही है। डार्क मैटर आकाशगंगाओं को एक साथ खींचता है, जबकि डार्क एनर्जी उन्हें धकेलती है, यानी दूर करती है। शुरुआती 9 अरब सालों तक डार्क मैटर हावी रहा, लेकिन बाद में डार्क एनर्जी ने ब्रह्मांड के विस्तार को तेज कर दिया।

## वैज्ञानिकों के लिए ब्रह्मांड आज भी बेहद कौतूहल का विषय

### डार्क एनर्जी का प्रभाव

वैज्ञानिकों का मानना है कि डार्क एनर्जी ही इस तेजी से होते विस्तार का कारण है। यह एक ऐसी शक्ति है जो आकाशगंगाओं को एक दूसरे से दूर धकेलती है। लेकिन, वे यह नहीं जानते कि यह इतनी शक्तिशाली कैसे है।



### क्या है डार्क मैटर

डार्क एनर्जी के अलावा ब्रह्मांड में एक और रहस्यमय चीज है जिसे 'डार्क मैटर' कहा जाता है। यह ब्रह्मांड का लगभग 25% हिस्सा बनाता है, लेकिन यह भी अदृश्य है और हम इसके बारे में बहुत कम जानते हैं।

### डार्क एनर्जी का महत्व

डार्क एनर्जी को समझना हमारे ब्रह्मांड को समझने के लिए बेहद जरूरी है। यह हमें यह समझने में मदद कर सकता है कि ब्रह्मांड कैसे बना और यह कैसे काम करता है। यह हमें यह भी बता सकता है कि ब्रह्मांड का अंत कैसे होगा। वैज्ञानिक डार्क एनर्जी के बारे में जानने के लिए बहुत उत्साहित हैं। वे इसे ब्रह्मांड का सबसे बड़ा रहस्य मानते हैं। उन्हें उम्मीद है कि वे जल्द ही इस रहस्य को सुलझाने में सक्षम होंगे और ब्रह्मांड के बारे में हमारी समझ

### वैज्ञानिकों की नई थ्योरी

वैज्ञानिकों ने डार्क एनर्जी के बारे में कई थ्योरी दी हैं। एक थ्योरी यह है कि खाली जगह में भी ऊर्जा होती है, जो ब्रह्मांड के विस्तार का कारण बनती है। लेकिन, यह थ्योरी अभी तक पूरी तरह से सिद्ध नहीं हुई है। हाल ही में, वैज्ञानिकों ने डार्क एनर्जी के बारे में कुछ नए निष्कर्ष निकाले हैं। उन्होंने पाया है कि डार्क एनर्जी समय के साथ कमजोर हो सकती है। हालांकि, पुख्ता तौर पर अभी ये नहीं कहा जा सकता।फिर भी यदि यह सच है, तो यह ब्रह्मांड के अंत के बारे में हमारी समझ को बदल सकता है। वैज्ञानिक अभी भी डार्क एनर्जी के बारे में अधिक जानने की कोशिश कर रहे हैं। वे शक्तिशाली टेलिस्कोप और अन्य उपकरणों का उपयोग कर रहे हैं ताकि ब्रह्मांड का बेहतर ढंग से समझ सकें।



### ब्रह्मांड का विस्तार

लगभग 13.8 अरब साल पहले, बिग बैंग नामक एक घटना हुई थी, जिसने ब्रह्मांड की शुरुआत की। तब से ब्रह्मांड लगातार फैल रहा है। लेकिन, वैज्ञानिकों ने पाया है कि यह विस्तार धीरे-धीरे नहीं हो रहा है, बल्कि तेजी से हो रहा है। 19 मार्च को ही यूरोपियन स्पेस एजेंसी ने अपने यूक्लिड मिशन का पहला डेटा दुनिया के सामने रखा है। इस डेटा में 2,60,00,000 आकाशगंगाएं शामिल हैं। इनमें 3,80,000 से अधिक आकाशगंगाओं की एक सूची शामिल है, जिनका आकार यूक्लिड ने मापा है। इस मिशन में 500 आकाशगंगाओं की करीब से तस्वीरें ली हैं। यूक्लिड ने ब्रह्मांड में तीन बड़े ऐसे डीप फील्ड्स की पहचान की है, जिनका साइज चंद्रमा से 300 गुना बड़ा है। इसके अलावा ब्रह्मांड के इस मकड़जाल में जो आकाशगंगा सबसे दूर है, उसकी दूरी 10.5 बिलियन प्रकाश वर्ष है।

# धरती से 5 गुना बड़ा.. हीरों से भरा ग्रह मिल गया! नासा की नई खोज से दुनिया में मचा तहलका

वॉशिंगटन। अंतरिक्ष की दुनिया गजब है। कई बार यहां की नई खोजें रहस्यों को समझने का मौका देती हैं। लेकिन, कई बारे तहलका मचा देती हैं। इसी कड़ी में हाल ही में नासा के जेम्स वेब टेलीस्कोप ने एक चौंकाने वाली खोज की है। एक ऐसा ग्रह जो न केवल धरती से पांच गुना बड़ा है, बल्कि हीरों से भरा हो सकता है। वैज्ञानिकों ने इस ग्रह को 55 कैन्क्री ई नाम दिया है जो धरती से 41 प्रकाश वर्ष दूर स्थित है।



### कहा जा रहा सुपर-अर्थ


एक रिपोर्ट्स के मुताबिक 55 कैन्क्री ई को सुपर-अर्थ की श्रेणी में रखा गया है, क्योंकि इसका आकार धरती से करीब पांच गुना बड़ा है। वैज्ञानिकों के अनुसार इस ग्रह का एक बड़ा हिस्सा हीरों और ग्रेफाइट जैसी कार्बन संरचनाओं से बना हो सकता है। यह खोज न केवल हमारी पारंपरिक ग्रह संरचना की समझ को चुनौती देती है, बल्कि यह भी बताती है कि ब्रह्मांड में कितनी विविधता हो सकती है।

**ये उबलता हुआ लावा ग्रह है?** : इस ग्रह का तापमान बहुत अधिक है। चूंकि, यह अपने तारे के बहुत करीब स्थित है इसलिए यह मात्र 17 घंटों में अपनी कक्षा का एक चक्कर पूरा कर लेता है। इस वजह से इसका सतह तापमान 2400 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है। जिससे यह पूरी तरह पिघले हुए लावा में तब्दील हो जाता है।

### अंतरिक्ष विज्ञान में ऐतिहासिक मोड़

यह खोज वैज्ञानिकों के लिए बेहद अहम है, क्योंकि यह ग्रहों के निर्माण की हमारी समझ को चुनौती देती है। कार्बन-आधारित ग्रहों की खोज से यह सवाल उठता है कि क्या अन्य ग्रहों पर भी ऐसे तत्व मौजूद हो सकते हैं। इनका उपयोग भविष्य में किया जा सके। साथ ही यह हमें यह भी बताता है कि अलग-अलग स्थितियों में ग्रहों का विकास कैसे होता है।





### भविष्य की खोजों की दिशा

एक अन्य रिपोर्ट के मुताबिक वैज्ञानिक अब इस ग्रह के बारे में और गहराई से अध्ययन करने की योजना बना रहे हैं। इस खोज से यह भी संकेत मिलता है कि ब्रह्मांड में कई और ऐसे ग्रह हो सकते हैं जिनमें दुर्लभ धातुएं या रत्न हो सकते हैं। 55 कैन्क्री ई जैसी खोजें ब्रह्मांड को समझने में मदद करेंगी। साथ ही यह भी संकेत देंगी कि भविष्य में अंतरिक्ष में संसाधनों की खोज किस दिशा में जा सकती है।

**ग्रह की अनोखी संरचना और रहस्य** : धरती की तुलना में 55 कैन्क्री ई का वातावरण पूरी तरह अलग है। वैज्ञानिकों ने इसके चारों ओर एक विशेष वायुमंडल की मौजूदगी का संकेत दिया है। जो शायद ज्वालामुखीय गतिविधियों के कारण बना है। इससे ग्रह की अस्थिरता और अधिक बढ़ जाती है जो इसे अध्ययन के लिए और भी रोचक बनाता है।

## बचपन में हुई एक दुखद घटना ने बदल दी पूरी जिंदगी

# ऐसा क्या हुआ कि 22 साल तक महिला बनकर रहा ये शख्स

एजेंसी ▶▶| लंदन

सोशल मीडिया पर एक शख्स की कहानी खूब वायरल हो रही है। पुरुष होने के बावजूद डोमिनिकन रिपब्लिक के इस शख्स ने 22 साल तक एक महिला के रूप में अपनी जिंदगी गुजारी है। बचपन में हुई एक दुखद घटना ने इस शख्स की पूरी जिंदगी ही बदलकर रख दी। ये कहानी है डोमिनिकन रिपब्लिक के फ्रैंक टैवरेस की, जिन्हें 'नन-मैन'के नाम से भी जाना जाता है। फ्रैंक ने अपनी अविश्वसनीय कहानी से दुनिया को चौंका दिया, क्योंकि पुरुष होते हुए भी वह 22 साल तक एक महिला के रूप में रहे। उनकी कहानी बचपन में हुई एक दुखद घटना से शुरू होती है। फ्रैंक ने अपनी यह कहानी खुद एक रेडियो चैनल पर सुनाई। फ्रैंक सिर्फ चार साल के थे, जब उनके सिर से माता-पिता का साया उठ गया। घर की आर्थिक स्थिति इतनी ठीक नहीं थी कि दादा-दादी देखभाल कर सकें, इसलिए उन्हें डोमिनिकन ननों की देखभाल में एक कॉन्वेंट में रखा गया।

### ननों के बीच पले-बढ़े

एक रिपोर्ट के अनुसार, फ्रैंक ननों के बीच पले-बढ़े। लड़कियों के कपड़े पहने और उनकी ही जीवनशैली को अपनाया। आलम ये रहा कि सात साल की उम्र तक फ्रैंक को एहसास ही नहीं हुआ कि वह लड़की नहीं, बल्कि लड़का हैं। जब इसका पता चला तो अस्वीकृति के डर से अपनी असली पहचान छिपाए रखने का फैसला किया, और कॉन्वेंट में सिस्टर मार्गरीटा के रूप में बने रहना जारी रखा।



### फ्रैंक का रहस्य हो गया उजागर

रिपोर्ट के अनुसार, फ्रैंक के रहस्य से पर्दा तब उठ गया, जब कॉन्वेंट के शिक्षक ने उनके द्वारा सिल्विया को लिखे एक पत्र को देखा, जिससे पता चल गया कि सिस्टर मार्गरीटा कोई महिला नहीं, बल्कि एक पुरुष है।


**कॉन्वेंट छोड़ने को हुए मजबूर** :1979 में 22 साल तक नन बने रहने के बाद फ्रैंक को आखिरकार कॉन्वेंट छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा। वह सीमस्ट्रेस में ट्रेंड थे, इसलिए उन्हें दर्जी का काम मिल गया, जिसे उन्होंने 73 की उम्र तक करना जारी रखा।

### सिल्विया नाम की महिला से हो गया प्रेम

चूंकि फ्रैंक महिला नहीं, बल्कि पुरुष थे इसलिए किशोरावस्था में आकर कुछ ननों के लिए उनमें फीलिंग्स जागने लगी। इस कारण उन्हें दूसरे कॉन्वेंट में भेज दिया गया, जहां उन्हें सिल्विया नाम की एक महिला से उन्हें प्रेम हो गया। जब वह गर्भवती हुई, तब उसने फ्रैंक से कॉन्वेंट छोड़ने और खुद का परिवार शुरू करने का आग्रह किया। लेकिन, फ्रैंक ने यह कहकर इंकार कर दिया कि वह खुद की देखभाल करने वाली ननों को धोखा नहीं दे सकते।

**लव स्टोरी का हुआ अंत** : इसी के साथ फ्रैंक की लव स्टोरी का भी अंत हो गया, क्योंकि सिल्विया उन्हें छोड़कर अमेरिका चली गई। फ्रैंक का कहना है कि वह अपनी बेटी से कभी मिल नहीं सके, लेकिन वह उसे अपने जीवन का प्यार मानते हैं।

### 85 मीटर लंबी, ये है दुनिया की सबसे छोटी अंतरराष्ट्रीय सीमा



#### जानिए कैसे स्पेन के कब्जे में आ गया?

**मैड्रिड**। अगर आपसे पूछा जाए कि दुनिया का सबसे लंबा इंटरनेशनल बॉर्डर किन दो देशों के बीच है, तो आपका जवाब कनाडा और अमेरिका होगा। ये दोनों देश एक-दूसरे से सबसे लंबी अंतरराष्ट्रीय शेयर करते हैं। लेकिन, धरती पर सबसे छोटा इंटरनेशनल बॉर्डर कौन सा है? यह किन दो देशों के बीच है? तो बहुत कम लोगों को इसका जवाब पता होगा. ऐसे में आपको बता दें कि दुनिया की सबसे छोटी सीमा केवल 85 मीटर की है, जो स्पेन और मोरक्को को जोड़ती है। आपको जानकर हैरानी होगी, लेकिन यह एक छोटी चट्टान से जुड़ी है। इस चट्टान का नाम पेनोन दे वेलेज दे ला गोमेरा है, जो उत्तरी अफ्रीका में है। यह चट्टान बहुत खास है, क्योंकि यह दुनिया की सबसे छोटी राष्ट्रीय सीमा का हिस्सा है। इस चट्टान का क्षेत्रफल करीब 19,000 वर्ग मीटर है। सन् 1564 में स्पेन के एक सेनापति पेड्रो दे एस्टोपिनन ने इस पर कब्जा किया था, तब से यह स्पेन का हिस्सा है।

#### पहले यह चट्टान था एक आइलैंड

मोरक्को ने कई बार इसे अपना बताया, लेकिन स्पेन ने कभी इसे छोड़ा नहीं। वहां स्पेन के सैनिक रहते हैं जो इसकी रक्षा करते हैं। बता दें कि स्पेन का जमीनी बॉर्डर करीब 2000 किलोमीटर लंबा है। यह अंतरराष्ट्रीय सीमा पुर्तगाल और फ्रांस से लगती है। लेकिन, स्पेन के पास कई देशों से जुड़ी हुई छोटी सीमाएं भी हैं।

ट्रंप प्रशासन को **झटका**

*वाशिंगटन। अमेरिका में भारतीय रिसर्चर बदर खान सूरी के डिपोर्टेशन (देश से निकाले जाने) पर अमेरिकी अदालत ने रोक लगा दी है। वर्जीनिया कोर्ट की जज पेट्रीसिया टोलिवर गिल्स ने आदेश दिया कि सूरी को तब तक अमेरिका से नहीं निकाला जाएगा, जब तक अदालत इससे जुड़े आदेश जारी नहीं करती। अमेरिका के इमिग्रेशन अधिकारियों ने सोमवार रात भारतीय छात्र बदर खान सूरी को वर्जीनिया से गिरफ्तार किया था। सूरी पर अमेरिका में हमास के समर्थन में प्रोपेगैंडा फैलाने और संगठन से जुड़ी आतंकी से रिश्ता रखने का आरोप है। सूरी स्टूडेंट एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत अमेरिका की जॉर्जटाउन यूनिवर्सिटी का छात्र है। वह सेंटर फॉर मुस्लिम-क्रिश्चियन अंडरस्टैंडिंग में पोस्ट डॉक्टोरल फैलो के रूप में पढ़ाई कर रहा है।*

# भारतीय रिसर्चर को बड़ी राहत, अमेरिकी जज ने निर्वासिन पर लगाई रोक

**लुइसियाना के इमिग्रेशन कैंप में हैं सूरी**

लुइसियाना के इमिग्रेशन कैंप में हैं सूरी अमेरिकन सिविल लिबर्टीज यूनियन (एसीएलयू) ने सूरी के डिपोर्टेशन को रोकने के लिए मंगलवार को आपातकालीन प्रस्ताव दायर किया था। फिलहाल सूरी लुइसियाना में एक इमिग्रेशन कैंप में है। एसीएलयू से जुड़ी वकील सोफिया ग्रेग ने कहा कि सिर्फ राजनीतिक विचारधारा की वजह से किसी को उसके घर और परिवार से अलग करना, अमेरिका में रहने का दर्जा छीनना असंवैधानिक है। इधर, जॉर्जटाउन यूनिवर्सिटी ने एक बयान जारी कर कहा है कि उन्हें सूरी के किसी अवैध गतिविधि में शामिल होने की जानकारी नहीं है। उनकी गिरफ्तारी की कोई ठोस वजह का भी उन्हें पता नहीं चला है।

**खास बातें**

- वकील बोले- फिलिस्तीनी पत्नी के कारण बनाया जा रहा है निशाना
- आतंकी संगठन हमास से रिश्ता रखने का लगाया आरोप
- यूनिवर्सिटी प्रशासन ने अवैध गतिविधि में शामिल होने से किया इंकार



**ये हैं आरोप**

अमेरिका के आंतरिक सुरक्षा विभाग होमलैंड सिक्योरिटी विभाग का दावा है कि बद्र खान सूरी हमास का प्रोपेगेंडा फैला रहे थे और सोशल मीडिया पर यहूदी विरोध को बढ़ावा दे रहे थे। होमलैंड सिक्योरिटी विभाग का आरोप है कि बद्र खान सूरी के हमास के साथ संबंध भी हैं। यूएस डिपार्टमेंट ऑफ़ होमलैंड सिक्योरिटी की प्रवक्ता ट्रिसिया मैकलॉघलिन ने बताया कि अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने 15 मार्च, 2025 को सूरी का वीजा रद्द करने का निर्णय लिया। सरकार का आरोप है कि सूरी सोशल मीडिया पर हमास का समर्थन कर रहे थे और यहूदी विरोधी विचारधारा को बढ़ावा दे रहे थे।

## सूरी की पत्नी फिलिस्तीनी, इसलिए निशाना बने



सूरी के वकील हसन अहमद ने अपनी याचिका में तर्क दिया कि सूरी को उनकी फलस्तीनी मूल की पत्नी की विरासत के कारण दंडित किया जा रहा है। उनकी पत्नी मेफेज सालेह मूल रूप से गाजा की रहने वाली हैं। वर्तमान में वे अमेरिकी नागरिक हैं। पहले अल जजीरा में काम कर चुकी हैं, फिलहाल वह जॉर्जटाउन विश्वविद्यालय के समकालीन अरब अध्ययन केंद्र में प्रथम वर्ष की छात्रा हैं। उन्होंने फलस्तीन स्थित गाजा के इस्लामिक विश्वविद्यालय से पत्रकारिता और सूचना में स्नातक की डिग्री ली है। उन्होंने भारत में नई दिल्ली के जामिया मिलिया इस्लामिया में नेल्सन मंडेला सेंटर फॉर पीस एंड कॉनफ्लिक्ट रेजोल्यूशन से संघर्ष विश्लेषण और शांति स्थापाना में मास्टर्स डिग्री भी प्राप्त की है।

### आरएसएस ने भाषाई विवाद पर दिया बड़ा बयान

# परिसीमन में हमारा कोई दखल नहीं उत्तर और दक्षिण के बीच खाई सियासी

*देश में भाषाई विवाद फिर सर उठा रहा है। तमिलनाडु जैसे राज्य भाजपा नीत केंद्र सरकार पर हिंदी थोपने का आरोप लगा रहे हैं। इस मामले में आरएसएस की तीन भाषा नीति पर भी सवाल उठा रहे हैं। इस बीच बीजेपी की मातृ संस्था कहे जाने वाले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का इस मामले में बड़ा बयान सामने आया है। आरएसएस के संयुक्त महासचिव सीआर मुकुंद ने शुक्रवार को कहा कि लोकसभा सीटों की संख्या को बढ़ाने या इस बारे में कोई भी फैसला केंद्र सरकार को लेना है और आरएसएस का इस मामले में कोई दखल नहीं है। उन्होंने उत्तर-दक्षिण की भाषाई बहस को राजनीति से प्रेरित करार दिया है।*

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरू

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की सबसे ऊंची निर्णायक इकाई अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की तीन दिनों की बैठक शुक्रवार से बेंगलुरु के चेन्नहल्ली में शुरू हो गई है। इसमें मुकुंद ने कहा कि केंद्रीय मंत्री स्पष्ट कर चुके हैं कि परिसीमन के बाद दक्षिण के राज्यों में लोकसभा सीटों की संख्या बरकरार रहेगी। ये मुद्दा राजनीति के लिए किया जा रहा है। इसमें मेरिट कम है। मुकुंदा ने कहा कि दक्षिण और उत्तर में खाई बढ़ाने का काम राजनीति के लिए किया जाता है। आरएसएस हमेशा क्षेत्रीय भाषाओं को मजबूती देने काम करता है। अगर आप तमिलनाडु में हैं तो आप तमिल सीखिए और अगर दिल्ली में हैं तो हिंदी सीखिए। संघ इसी मत पर काम करता है।

**खास बातें**

- आरएसएस की बेंगलुरु में बैठक शुरू, वार्षिक रिपोर्ट की गई पेश
- मणिपुर से लेकर बांग्लादेश तक का उठाया गया मुद्दा






## मणिपुर के हालात को लेकर चिंतित है संघ

मणिपुर के मुद्दे पर भी मुकुंद ने कहा कि आरएसएस पूर्वोत्तर के इस राज्य में पिछले 20 महीनों से चल रहे हालात को लेकर चिंतित है। संघ के नेता ने कहा कि मणिपुर में हालात सामान्य होने में अभी वक्त लगेगा और आरएसएस एक सामाजिक संगठन होने के नाते अलग-अलग आदिवासी नेताओं से बातचीत करने की कोशिश कर रहा है।

## संघ कार्य पर वार्षिक रिपोर्ट पेश

अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा 2025 की शुरुआत में सरसंघचालक मोहन भागवत और सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने भारत माता की तस्वीर पर फूल चढ़ाकर की। इसके बाद पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह, तबला वादक जाकिर हुसैन, प्रीतीश नंदी समेत संघ के दिवंगत कार्यकर्ताओं को श्रद्धांजलि दी गई। दत्तात्रेय ने संघ कार्य पर एक वार्षिक रिपोर्ट पेश की। इस रिपोर्ट में 4 महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाया गया है। पहला उत्तर दक्षिण विभाजन, दूसरा मणिपुर में हालात, तीसरा बांग्लादेश में हिंदुओं की खराब स्थिति और चौथा महाकुंभ की सफलता पर सरकार की प्रशंसा।

### बांग्लादेश में हिंदू उत्पीड़न पर प्रस्ताव

इस बार संघ की प्रतिनिधि सभा में कुल 1482 स्वयंसेवक और पदाधिकारी शामिल हो रहे हैं। इस बैठक में संघ की कार्य विस्तार की योजना पर चर्चा होगी। इसके अलावा बांग्लादेश में हिंदू उत्पीड़न और संघ की 100 साल की यात्रा पर प्रस्ताव लाया जाएगा।




**कर्नाटक विधानसभा में हंगामे के बीच सरकारी ठेकों में मुसलमानों को आरक्षण वाला बिल पारित**



# विधेयक की कापी फाड़कर आसंदी पर उछाली, 18 विधायक किए गए सस्पेंड

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

कर्नाटक विधानसभा ने विपक्षी दल भाजपा के भारी हंगामे के बीच सरकारी ठेकों में मुसलमानों के लिए चार प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने वाला विधेयक पारित हो गया। बिल के विरोध में भाजपा विधायक विधानसभा अध्यक्ष यूटी खादर के आसन के समीप आए गए और उन पर विधेयक की कापी फाड़कर फेंकने लगे। सदन में इस कृत्य पर भाजपा 18 विधायकों को छह महीने के लिए निलंबित कर दिया गया। विधानसभा ने विधि एवं संसदीय कार्य मंत्री द्वारा प्रस्तुत निलंबन प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया गया। मुसलमानों को सरकारी ठेकों में 4 प्रतिशत आरक्षण देने की चर्चा के बाद से ही भाजपा इसका विरोध कर रही थी,आज विधानसभा में भी बिल पर चर्चा के दौरान भाजपा विधायकों ने विरोध जताया।

### कांग्रेस मार रही ओबीसी का हक : भाजपा

बिल पास होने के बाद भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने भी आपत्ति दर्ज कराई है, भाजपा सांसद एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने मीडिया से बात करते हुए कांग्रेस की सिद्धारमैया सरकार पर हमला करते हुए राहुल गांधी को भी निशाने पर लिया, भाजपा प्रवक्ता ने कहा- राहुल गांधी के कहने पर कर्नाटक सरकार ने ओबीसी समाज का हक मारकर सरकारी ठेके में मुसलमानों को 4 प्रतिशत आरक्षण दिया है।

# अमेरिकी सरकार ने बंद किया शिक्षा विभाग



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को शिक्षा विभाग को खत्म करने के एक आदेश पर हस्ताक्षर किए। व्हाइट हाउस के ईस्ट रूम में डेस्क पर बैठे स्कूली बच्चों के साथ ट्रंप ने एक विशेष समारोह में आदेश पर हस्ताक्षर करने के बाद मुस्कुराते हुए आदेश को उठाया। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि यह आदेश संघीय शिक्षा विभाग को हमेशा के लिए खत्म करना शुरू कर देगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शिक्षा विभाग को बेकार और उदार विचारधारा से प्रदूषित बताया है। हालांकि, 1979 में बनाए गए शिक्षा विभाग को कांग्रेस की मंजूरी के बिना बंद नहीं किया जा सकता। रिपब्लिकन ने कहा कि वे इसे हासिल करने के लिए एक विधेयक पेश करेंगे। ट्रंप ने कहा कि हम इसे बंद करने जा रहे हैं और इसे जितनी जल्दी हो सके बंद कर देंगे।

**खास बातें**

- ट्रंप के इस फैसले की हो रही है दुनियाभर में चर्चा
- अमेरिकी राष्ट्रपति ने शिक्षा विभाग को बताया बेकार

### छात्रों-अभिभावकों पर यह पड़ेगा असर

शिक्षा मंत्रालय को खत्म करने से सैकड़ों स्कूलों को मिलने वाली वित्तीय सहायता खत्म हो जाएगी। इससे शिक्षकों और स्टूडेंट्स पर बराबर असर पड़ने की आशंका है। खासकर दिव्यांग छात्रों को बढ़ावा देने वाले और नस्लीय-लैंगिक विविधता बनाए रखने वाले स्कूलों पर इस फैसले का सबसे ज्यादा असर पड़ेगा।



चिंतन

# जाति-धर्म की जंजीरें जितना जल्द तोड़ दें, उतना अच्छा

हमारे कानून में सबके समान अधिकार हैं। सबसे कमजोर समुदाय के लिए विशेष प्रावधान भी हैं। आजादी के बाद से अब तक सरकारों ने भी अनेक तरह की सुविधाएं, लाभ देकर कमजोर तबके को सक्षम बनाने के लिए अरबों रुपये खर्च किए। न जाने कितने जागरूकता अभियान चलाए गए, लेकिन इन सबके बावजूद आज भी ऐसी घटनाएं सामने आ जाती हैं, जो न केवल शर्मसार करने वाली हैं बल्कि सोचने पर भी मजबूर करती हैं कि हम 21वीं सदी में पहुंचने के बाद भी भेदभाव से ऊपर नहीं उठ पा रहे हैं। बीते दिनों एक के बाद एक दो ऐसी ही खबरें सामने आईं। आगरा के धनौली गांव में रहने वाले मुकेश के बेटे की शादी 6 मार्च को थी। गांव के एक रसूखदार परिवार ने बारात रुकवा दी। मुकेश कहते हैं, 'हम दलित हैं, इसीलिए हमारे साथ ऐसा हुआ। हमारे साथ मारपीट की गई। पुलिस ने भी उनकी शिकायत दर्ज नहीं की। जब मामला सुर्खियों में आया तो 10 मार्च को एफआईआर दर्ज की गई। जाति के नाम पर ये बर्ताव झेलने वाले मुकेश अकेले नहीं हैं। उतरप्रदेश के ही बुलंदशहर में फरवरी में एक गांव से ऐसी दो घटनाएं सामने आईं। यहां भी दलित परिवार के लड़कों को बैंड-बाजे के साथ बारात नहीं निकालने दी गई। हर दिन ऐसी खबरों से अखबारों के पन्ने अटे मिलते हैं। जाहिर है कि ये कानून व्यवस्था का मामला नहीं है। ये वो दाग हैं जो हमारे विकसित होने पर प्रश्नचिह्न लगाते हैं। क्या विकास का मतलब केवल फ्लाईओवर, सड़क, शेयर बाजार, उद्योग, एफडीआई वगैरा ही हैं। समाज के सभी तबकों को साथ लिए बिना विकास की बात करना भी बेमानी है। अगर आप इस तरह के मामलों पर किसी भी उच्च वर्ग से बात करें तो वे तपाक से कहते हैं कि अब ऐसी घटनाएं यदाकदा ही होती हैं। जबकि सच्चाई ये है कि ऐसे मामले लगातार बढ़ रहे हैं। देश में 2018 में दलित उत्पीड़न के 42793 केस दर्ज हुए वहीं 2022 आते-आते यह संख्या बढ़कर 57582 हो गई। देश के सबसे बड़े राज्य उतरप्रदेश में 2018 में दलित पर अत्याचार के 11924 मामले दर्ज हुए वहीं 2022 में यह संख्या बढ़कर 15368 हो गई। अब बताए कहां कम हो रहे हैं दलितों पर अत्याचार। देखा जा सकता है कि रवींद्रनाथ, प्रेमचंद और गांधी के दौर से ही जाति और धार्मिक समुदाय पर आधारित राष्ट्रवाद का एक अटूट सिलसिला रहा है। यह भी साफ है कि आम जनमानस में बड़े पैमाने पर मौजूद जातिवाद, धार्मिक रूढ़ियों और सामंती निरंकुशता को आजादी के बाद दूर करने का सचेत रूप से व्यापक प्रयास भी किया गया, लेकिन समाज में गहरी जड़ें जमा चुका भेदभाव महज कुछ कम हुआ है, खत्म होना आज भी दूर की कौड़ी है। यह भी देखा जा सकता है कि भारत की बहुलता में श्रेष्ठता के काफी तत्व हैं। उन्हें अब भी खोजकर उपयोग में लाया जा सकता है। लेकिन ऊंच-नीच भारतीय जनता की एकता और सांस्कृतिक सुधार के रास्ते में सबसे बड़ी बाधा हैं। यह देखना महत्वपूर्ण है कि हमारे पास क्या चीजें ज्यादा हैं, अतीत की बुरी स्मृतियां या भविष्य के बड़े स्वप्न। इसी पर निर्भर करेगा कि भारत के भावी इतिहास में यह भेदभाव क्या रंग दिखाएगा। इस समय न वैश्वीकरण एक जाति और एक धर्म को लेकर चल सकता है और न ही लोकतंत्र एक विशेष जाति और एक विशेष धर्म को लेकर विकसित हो सकता है। इस तथ्य को ध्यान में रखना चाहिए कि दुनिया का बदलना अभी रुका नहीं है। इसलिए पुरानी खाइयां और जंजीरों को जितनी जल्द तोड़ दिया जाए उतना अच्छा है, वरना हम विकसित नहीं पिछड़े ही रहेंगे।



अर्थव्यवस्था
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# बढ़ती घरेलू मांग से आर्थिक उन्नति

**ग्लोबल रेटिंग एजेंसी फिच रेटिंग्स ने कहा है कि हालांकि अमेरिका की आक्रामक ट्रेड पॉलिसी एक बड़ा जोखिम है, लेकिन भारत इससे काफी हद तक अप्रभावित रहेगा और इस पर कोई खास असर नहीं पड़ेगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की बाहरी मांग पर कम निर्भरता और पर्याप्त आत्म-निर्भरता के कारण अर्थव्यवस्था इसके व्यापक असर से बची रहेगी। फिच ने इसके पहले भारत की संप्रभु रेटिंग के परिदृश्य को स्थिर बताते हुए कहा कि देश का विकास मजबूत दिख रहा है। वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की जीडीपी ग्रोथ 6.5 प्रतिशत रहेगी। अगले कुछ सालों तक भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया की सबसे तेज गति से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था बनी रहेगी।**

हाल ही में 19 मार्च को एक बार फिर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ब्रेटबार्ट न्यूज को दिए साक्षात्कार में कहा कि यद्यपि भारत के साथ उनके रिश्ते बहुत अच्छे हैं, लेकिन भारत के साथ एकमात्र समस्या यह है कि वह दुनिया में सबसे अधिक शुल्क लगाने वाले देशों में से एक है। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि भारत शायद उन शुल्क को काफी कम करने जा रहा है। फिर भी 2 अप्रैल से हम भारत से वही शुल्क वसूलेंगे जो भारत हमसे वसूलता है। ऐसे में विभिन्न वैश्विक रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि एक ओर जब राष्ट्रपति ट्रंप लगातार भारत सहित दुनिया के विभिन्न देशों को टैरिफ चक्रव्यूह में लेते जा रहे हैं और दुनिया में वैश्विक मंदी की आशंका है, तब भारत की बढ़ती मजबूत घरेलू मांग भारत के लिए नई आर्थिक शक्ति बन गई है।

उल्लेखनीय है कि 20 मार्च को ग्लोबल रेटिंग एजेंसी फिच रेटिंग्स ने कहा है कि हालांकि अमेरिका की आक्रामक ट्रेड पॉलिसी एक बड़ा जोखिम है, लेकिन भारत इससे काफी हद तक अप्रभावित रहेगा और इस पर कोई खास असर नहीं पड़ेगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की बाहरी मांग पर कम निर्भरता और पर्याप्त आत्म-निर्भरता के कारण अर्थव्यवस्था इसके व्यापक असर से बची रहेगी। फिच ने इसके पहले भारत की संप्रभु रेटिंग के परिदृश्य को स्थिर बताते हुए कहा कि देश का विकास मजबूत दिख रहा है। फिच रेटिंग्स ने भारत की दीर्घकालिक विदेशी मुद्रा जारीकर्ता डिफॉल्ट रेटिंग को स्थिर परिदृश्य के साथ 'बीबीबी' के स्तर पर रखा है। फिच ने कहा कि भारत की रेटिंग अन्य देशों की तुलना में मजबूत ग्रोथ और बाहरी वित्तीय लचीलापन दर्शा रही है, जिससे अर्थव्यवस्था को पिछले साल के बड़े बाहरी झटकों से पार पाने में मदद मिली है। इस रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की जीडीपी ग्रोथ 6.5 प्रतिशत रहेगी। साथ ही अगले कुछ सालों तक भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया की सबसे तेज गति से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था बनी रहेगी।

यहां पर हाल ही में प्रकाशित वित्तीय सेवा कंपनी मॉर्गन स्टेनली की ताजा रिपोर्ट भी उल्लेखनीय है। इसमें कहा गया है कि भारत घरेलू मांग की ताकत पर 2028 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। रिपोर्ट के अनुसार 2023 में 3.5 ट्रिलियन डॉलर वाली भारतीय अर्थव्यवस्था 2026 तक 4.7 ट्रिलियन डॉलर की हो जाएगी। इसके साथ ही भारत साल 2026 तक अमेरिका, चीन और जर्मनी के बाद दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा और साल 2028 तक यह 5.7 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचकर जर्मनी से भी आगे निकल जाएगा। निःसंदेह देश के उपभोक्ता बाजार को देश का मध्यम वर्ग नई आर्थिक ताकत दे रहा है। देश में आर्थिक सुधारों के साथ ऊंची विकास दर और शहरीकरण की ऊंची वृद्धि दर के बलबूते भारत में मध्यम वर्ग के लोगों की संख्या तेजी से बढ़ी है।

हाल ही में प्रकाशित द राइज ऑफ मिडल क्लास इंडिया नामक डॉक्यूमेंट के मुताबिक भारत के मध्यम वर्ग के लोगों की संख्या तेजी से बढ़कर 2020-21 में लगभग 43 करोड़ हो गई है और 2047 तक यह संख्या बढ़कर



102 करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है। इस वर्ग को 5 लाख से 30 लाख रुपये की वार्षिक आय वाले परिवारों के रूप में परिभाषित किया गया है।

निश्चित रूप से नए टैरिफ युद्ध की बढ़ती आशंकाओं के बीच भारत का मध्यम वर्ग भारतीय अर्थव्यवस्था की नई शक्ति बन गया है। भारत के मध्यम वर्ग की मुट्ठियों में बढ़ती क्रय शक्ति और जेन जी एवं मिलेनियल्स की आंखों में उपभोग और खुशहाली के जो सपनें दिखाई दे रहे, उनके कारण जहाँ दुनिया के कई देश भारत से आर्थिक और कारोबारी संबंध बढ़ाने के लिए तत्पर हैं, वहीं दुनिया की बड़ी-बड़ी कंपनियाँ अपने नामी ब्रांडों के साथ भारत के बहुआयामी उपभोक्ता बाजार में नई रणनीतियों के साथ दस्तक दे रही हैं। वैश्विक खुदरा सेवाओं से जुड़ी कंपनियां भारत में तेजी से पैर पसार रही हैं। चूंकि घरेलू मांग और खपत भारत की शक्ति है, अतएव निश्चित रूप से एक अप्रैल 2025 से प्रभावी होने वाला वित्त वर्ष 2025-26 का बजट करदाताओं, निवेशकों तथा मध्यम वर्ग की खरीदी की क्षमता बढ़ाते हुए दिखाई दे रहा है। वित्तमंत्री के द्वारा टैक्स में कटौती और टैक्स ढांचे को आसान बनाकर खर्चों और सेविंग्स को बढ़ाने की कोशिश इस बजट में दिखाई दी है। वित्तमंत्री ने मजबूत वित्तीय मुट्ठी से आयकर के नए टैक्स रिजीम की व्यवस्थाओं के तहत करदाताओं को अभूतपूर्व राहतों से लाभांवित किया गया है।

नई टैक्स रिजीम के तहत आयकर स्लैब में बड़ा बदलाव है, ताकि अधिक से अधिक करदाता इसे अपनाने के लिए प्रेरित हैं। वित्तमंत्री ने नए बजट के तहत न्यू टैक्स रिजीम में टैक्स स्लैब में बदलाव और अतिरिक्त रिबेट की घोषणा की, जिसके तहत 12 लाख रुपये तक की आमदनी पर कोई इनकम टैक्स नहीं देना होगा। निश्चित रूप से इस बजट से सरकार लंबे समय से लंबित मध्यम वर्ग की आर्थिक वित्तीय शिकायतों का समाधान करते हुए आर्थिक वृद्धि की गति को फिर से तेज कर उपयुक्त कर राहत से एक अच्छा आर्थिक चक्र करने की डगर पर आगे बढ़ी हैं।

निश्चित रूप से मध्यम वर्ग पर कर का बोझ कम करने से खपत बढ़ेगी। इससे जीएसटी संग्रह में वृद्धि होगी और कर योग्य आय वालों का आधार बढ़ेगा। निःसंदेह इस समय जब ट्रंप के टैरिफ वार की आशंका से दुनिया में बहुत तेजी के साथ आर्थिक और कारोबारी उठापटक चल रही है, तब दुनिया में होते इस बदलाव के मद्देनजर हमें भी भारत के आर्थिक और कारोबारी हितों को सबसे पहले और सबसे ऊपर रखना होगा। इस समय वैश्विक व्यापार नए सिरे से दोबारा स्थापित होने जा रहा है। विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) अब मुख्य स्तम्भ के रूप में नहीं बचा है और सबसे पसंदीदा राष्ट्र (एमएफएन) के दर्जे के तहत गैर-भेदभावपूर्ण शुल्क खत्म हो रहे हैं। हर देश चाहता है कि उसके साथ विशेष व्यवहार किया जाए। हमें उसी रास्ते पर चलना होगा तथा देश की मजबूत घरेलू मांग और मध्यम वर्ग की चमकती हुई क्रय शक्ति का आधार बनाकर दुनिया के विभिन्न देशों के साथ आर्थिक और कारोबारी संबंधों को नई दिशा देना होगी।

निःसंदेह ट्रंप की टैरिफ संबंधी नई चुनौतियों के बीच भारत की बढ़ती हुई मजबूत घरेलू मांग भारत की नई आर्थिक शक्ति है। ऐसे में भारत घरेलू बाजार में तेजी से खपत बढ़ाने की रणनीति के साथ अमेरिका से टैरिफ मार के मुकाबले के लिए सुनियोजित रूप से आगे बढ़ते हुए दिखाई देगा। साथ ही मजबूत घरेलू बाजार की रणनीति देश को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को पूरा करने की दिशा में भी मील का पत्थर बनते हुई दिखाई देगी।

(लेखक ख्यात अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

शहीदी दिवस
विवेक शुक्ला



# हिंदी में लिखते थे भगत सिंह

शहीदे ए आजम भगत सिंह की मातृभाषा पंजाबी थी। वे पंजाबी, हिंदी, उर्दू, अंग्रेजी और संस्कृत सही से लिख-पढ़ लेते थे। पर उन्होंने अपने विचारों को दूर तक लेकर जाने की गरज से हिंदी में लिखना शुरू किया। हिंदी में उनका पहला महत्वूर्ण निबंध संभवतः 'पंजाब में भाषा और लिपि की समस्या' विषय पर 1924 में लिख दिया गया था। वे तब 17 साल के थे। यह 28 फरवरी, 1933 के 'हिन्दी संदेश' में प्रकाशित हुआ था। भगत सिंह ने इस मुद्दे के विभिन्न पहलुओं गहराई से विश्लेषण किया था। भगत सिंह भाषा को जन चेतना और प्रगति का एक महत्वपूर्ण हथियार मानते थे। वे अपने गृह प्रदेश पंजाब में भाषा को लेकर चल रहे विवाद से परेशान थे। उस समय, पंजाब में मुख्य रूप से हिंदी, पंजाबी और उर्दू भाषाओं का प्रयोग होता था और प्रत्येक भाषा को बोलने वाले अपने-अपने दावों और हितों के साथ खड़े थे। उन्होंने इस बारे में सवाल खड़ा किया था- "... हमारे प्रांत का दुर्भाग्य रहा कि यहां भाषा को मजहबी रंग दे दिया गया।" भगत सिंह का जन्म 1907 के उस पंजाब में हुआ था, जहां पंजाबी और उर्दू का वर्चस्व था। हालांकि, हिंदी भी व्यापक रूप से समझी और उपयोग की जाती थी। हिंदू परिवारों में हिंदी पढ़ने-लिखने की परंपरा थी। उस दौर के पंजाब में आर्य समाज और सनातन धर्म हिंदी का प्रचार-प्रसार कर रहे थे। भगत सिंह का परिवार आर्य समाजी था। दिल्ली विश्वविद्यालय के पीजीडीएवी कॉलेज में इतिहास के प्रोफेसर और 'भगत सिंह- रीविजिटेड' किताब के लेखक डॉ. चंद्रपाल सिंह कहते हैं कि भगत सिंह के दादा सरदार अर्जुन सिंह ने आर्य समाज से सक्रिय रूप से जुड़े हुए थे। वे दयानंद सरस्वती के भी करीबी थे। उनके परिवार में तब ही से हिंदी पढ़ी-लिखी जा रही थी।

दरअसल भगत सिंह जैसे-जैसे क्रांतिकारी गतिविधियों में शामिल हुए, उन्होंने समझ लिया कि वे हिंदी में लिखकर देश के आमजन तक पहुंचने में सफल रहेंगे। वे हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन (एचएसआरए) का हिस्सा बनने से भारत के विभिन्न हिस्सों के क्रांतिकारियों के संपर्क में आए, जिनमें से अधिकतर हिंदी भाषी थे। इस लिहाज से महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद का नाम लेना होगा। भगत सिंह के मन में चंद्रशेखर आजाद के प्रति गहरे सम्मान का भाव था। भगत सिंह मुख्य रूप से राजनीतिक और सामाजिक मुद्दों पर कलम चलाते थे। उन्होंने कई हिंदी समाचार पत्रों और पत्रिकाओं के लिए लिखा। भगत सिंह ने 'बलवंत सिंह, 'रणजीत' और 'विद्रोही' सहित कई छद्म नामों से लिखा। यह गिरफ्तारी से बचने के लिए एक आम बात थी। छद्म नाम से लिखने का एक बड़ा नुकसान ये हुआ कि उनके लेखों का कायदे से संकलन नहीं हुआ। भगत सिंह 1925 में कानपुर में गणेश शंकर विद्यार्थी के अख़बार 'प्रताप' में नौकरी करने कानपुर गए थे। पीलखाना में प्रताप की प्रेस थी। वे उसके पास ही रहते थे। कहना ना होगा कि कानपुर में रहते हुए वे हिंदी को बेहतर तरीके से लिखने लगे होंगे। आखिर कानपुर हिंदी का गढ़ रहा है। भगत सिंह के अधिकांश प्रारंभिक लेखन अन्य स्वतंत्रता सेनानियों और उनके संघर्षों पर हैं। चाँद पत्रिका ने उन स्वतंत्रता सेनानियों पर एक विशेष अंक निकाला जिन्होंने अपने जीवन का बलिदान दिया था और भगत सिंह ने इसमें योगदान दिया था। उन्होंने उन बुनियादी मूल्यों और कार्यक्रमों के बारे में अधिक लिखा जिन्हें वे स्वतंत्रता, समानता, न्याय और सांप्रदायिक सद्भाव प्राप्त करने के लिए फैलाना चाहते थे। भगत सिंह के लेखन का भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन पर, विशेष रूप से युवाओं पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ा। उनके जोशीले और स्पष्ट तर्कों ने कई लोगों को स्वतंत्रता के संघर्ष में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। उनके स्पष्ट हिंदी लेखन से उनके पाठकों की तादाद बढ़ती गई। हालांकि वे पारंपरिक अर्थों में पत्रकार नहीं थे, लेकिन हिंदी पत्रकारिता में उनका योगदान महत्वपूर्ण था और इसने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन की दिशा को आकार देने में मदद की। यह आश्चर्यजनक और प्रेरणादायक है कि भगत सिंह ने यह सब इतनी कम उम्र में लिखा और वह भी एक प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी और आयोजक के रूप में अपनी अन्य सभी गतिविधियों के बीच। यह केवल बेहद कड़ी मेहनत के कारण संभव था जो प्रतिबद्धता के बहुत उच्च स्तर से प्रेरित था, साथ ही जो कुछ भी थोड़े अवसर मौजूद थे, उनका बहुत रचनात्मक उपयोग था। एक बात और, भगत सिंह ने अपने विचारों को फैलाने और लोगों को आंदोलनों में शामिल करने के लिए हिंदी में पर्चे और घोषणाएं भी जारी कीं। ये पर्चे सार्वजनिक स्थानों पर बांटे जाते थे और लोगों को स्वतंत्रता के लिए लड़ने के लिए प्रेरित करते थे। भगत सिंह ने अदालत में भी हिंदी का प्रयोग किया। उनका मानना था कि हिंदी आम लोगों की भाषा है और इसके माध्यम से वे अधिक लोगों तक अपनी बात पहुंचा सकते हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## व्यक्ति को कैसे मिल सकती है दुखों से मुक्ति



संकलित
दर्शन

छठी शताब्दी ईसा पूर्व में संपूर्ण विश्व दर्शन के नए क्षितिज स्पर्श कर रहा था। चीन में कन्फ्यूशियस और लाओत्से, ईरान में जरथुस्त्र, यूनान में पाइथागोरस नए तर्क गढ़ रहे थे तो भारत में महावीर स्वामी और गौतम बुद्ध वैदिक दर्शन को नया आयाम देने में लगे थे। गौतम बुद्ध ने बताया कि जन्म से लेकर मृत्यु तक संपूर्ण जीवन दुखमय है। मृत्यु भी दुख का अंत नहीं है, बल्कि नए दुख का आरंभ है, क्योंकि मृत्यु के बाद भी पुनर्जन्म होता है। उनका मानना था कि प्राणी की इच्छा अपूर्ण रहती है तो पुनर्जन्म लेना पड़ता है। बुद्ध अनात्मवादी और अनीश्वरवादी तो थे, किंतु भौतिकवादी नहीं थे। उनका मत है कि सृष्टि में जो कुछ है वह क्षणिक है, परिवर्तनशील है। द्वितीय आर्य सत्य है कि प्रत्येक कार्य का कारण अवश्य होता है, जिसे बुद्ध ने प्रतीत्यसमुत्पाद कहा। इस दुख के कारणता सिद्धांत को द्वादश निदान चक्र भी कहा जाता है। इस दुख का मूलभूत कारण अविद्या है। अविद्या से संस्कार या पूर्व में किए गए कर्मों की प्रवृत्तियां उत्पन्न होती हैं। संस्कार से विज्ञान, विज्ञान से नामरूप, नामरूप से षडायतन, षडायतन से स्पर्श, स्पर्श से वेदना, वेदना से तृष्णा, तृष्णा से उपादान, उपादान से भव, भव से जाति, जाति या जन्म से जरा-मरण का दुख भोगना पड़ता है। बौद्ध दर्शन का तृतीय आर्यसत्य दुख-निरोध है। दुखों के मूल कारण अविद्या को दूर करके इसी जीवन में दुखों का अंत किया जा सकता है। दुखों का निरोध ही निर्वाण है।

## कभी भी अपने पद और धन का घमंड न करें



संकलित
प्रेरणा

देवताओं के कोषाध्यक्ष को एक दिन अपने पद और धन का घमंड हो गया है। इसी घमंड में वे शिव जी के पास पहुंच गए और शिव जी को सपरिवार अपने महल में खाने के लिए निमंत्रण दिया। शिवजी ने कहा कि मैं तो कहीं आता-जाता नहीं हूं, आप एक काम करें, गणेश को अपने साथ ले जाएं। खाने का निमंत्रण पाकर गणेश जी कुबेर के महल पहुंच गए। कुबेर ने उनके लिए बहुत सारा खाना बनवाया। गणेश जी खाने बैठे तो वे खाए जा रहे थे, थोड़ी ही देर में कुबेर की रसोई का पूरा खाना खत्म हो गया। गणेश जी ने और खाना मांगा। कुबेर ये देखकर घबरा गए। गणेश जी बार-बार खाना मांग रहे थे। कुबेर ने गणेश जी के सामने हाथ जोड़ लिए और कहा कि अब तो मेरे घर का सारा खाना खत्म हो गया है। गणेश जी ने कहा कि लेकिन मेरी भूख तो अभी शांत ही नहीं हुई है। मुझे अपने रसोईघर में ले चलो। कुबेर गणेश जी को रसोईघर में ले गए तो वहां रखी सभी चीजें गणेश खा गए। उन्होंने शिव जी को पूरी बात बता दी। शिव जी ने गणेश जी से कहा कि जाओ, माता पार्वती को बुलाकर लाओ। मां पार्वती को देखकर गणेश ने कहा कि मां, कुबेर देव के खाने से मेरी भूख शांत नहीं हुई है। पार्वती अपने रसोईघर में गईं और खाना बनाकर ले आईं। उन्होंने जैसे ही गणेश जी को अपने हाथ से खाना खिलाया तो गणेश तृप्त हो गए। मां और खिलाने लगी तो गणेश जी ने कहा, मां मेरा पेट भर गया है। ये सब देखकर कुबेर देव का घमंड टूट गया और उन्हें अपनी गलती समझ आ गई। कुबेर ने सभी से क्षमा मांगी।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### वनों को काटने से रोका जाए

21 मार्च को अंतरराष्ट्रीय वन दिवस मनाया जाता है। दुनिया भर में इस उपलक्ष्य में प्रोग्राम आयोजित किए गए। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वनों की सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 28 नवंबर 2012 को हर वर्ष 21 मार्च को अंतरराष्ट्रीय वन दिवस के रूप में मनाने के लिए एक प्रस्ताव पारित किया था। वन हैं तो हम हैं। जो वृक्ष हमें फल नहीं देते हैं, वो भी बहुत महत्वपूर्ण होते हैं, क्योंकि ये हमें जीवित रहने के लिए ऑक्सीजन, बिना किसी मूल्य के देते हैं। लेकिन बहुत अफसोस है कि वनों की संभाल के लिए लापरवाही बरती जा रही है।भारत में बहुत पहले से ही वनों और वृक्षों को काटने से रोकने के प्रयास सरकारों, सामाजिक संस्थाओं और पर्यावरण प्रेमियों द्वारा आरंभ कर दिए गए थे। फिर भी परियोजनाओं के लिए बड़े पैमाने पर जंगल काटे जा रहे हैं। हमें इसे रोकना होगा। - महेश पांडे, धमतरी

## ट्रेंड

### उल्लेखनीय उपलब्धि



एक बिलियन टन कोयला उत्पादन के ऐतिहासिक मील के पत्थर को पार करना उल्लेखनीय उपलब्धि है, जो ऊर्जा सुरक्षा, आर्थिक विकास और आत्मनिर्भरता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को उजागर करती है। यह उपलब्धि इस क्षेत्र से जुड़े लोगों के समर्पण और कड़ी मेहनत को भी दर्शाती है।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### नक्सलमुक्त होगा देश



मोदी सरकार नक्सलियों के विरुद्ध रुथलेस अप्रोच से आगे बढ़ रही है और समर्पण से लेकर समावेशन की तमाम सुविधाओं के बावजूद जो नक्सली आत्मसमर्पण नहीं कर रहे, उनके खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रही है। अगले साल 31 मार्च से पहले देश नक्सलमुक्त होने वाला है।
-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### पारिस्थितिक संतुलन



गौरैया कीड़े-मकौड़ों और कीटों को खाकर पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, जो परागण और बीज प्रसार के वाहक भी हैं।
-किरण मजूमदार शॉ, उद्यमी

### कारखानों का दूषित जल



उप्र के भ्रष्टाचारी शासन की नदी से प्रदूषित प्रशासन की नहर निकली है जो मुजफ्फरनगर में कारखानों के गंदे जल को गंगा नहर में जाने से नज़रअंदाज़ कर रही है। इससे खेती भी प्रदूषित हो रही है।
-अखिलेश यादव, सपा सांसद

## करंट अफेयर

### उ. कोरिया ने मिसाइलों के परीक्षण का किया दावा



उत्तर कोरिया ने नई विमान भेदी मिसाइलों का परीक्षण करने का शुक्रवार को दावा किया। उत्तर कोरिया ने ऐसे समय में यह दावा किया है जब उसकी सेना ने अमेरिका और दक्षिण कोरिया के संयुक्त सैन्य अभ्यासों के खिलाफ गंभीर कदम उठाने की हाल में धमकी दी है। उत्तर कोरिया इन सैन्य अभ्यासों को उस पर हमले के अभ्यास के तौर पर देखता है। उत्तर कोरिया की आधिकारिक 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' ने कहा कि देश के नेता किम जोंग उन की निगरानी में बृहस्पतिवार को ये मिसाइल परीक्षण किए गए। उसने कहा कि ये मिसाइल उत्तर कोरिया के लिए ''एक और प्रमुख रक्षा हथियार प्रणाली'' हैं। यह मिसाइल प्रक्षेपण इस वर्ष उत्तर कोरिया का छठा हथियार परीक्षण है। यह परीक्षण उसी दिन किया गया जब अमेरिका और दक्षिण कोरिया की सेनाओं ने अपना वार्षिक 'फ्रीडम शील्ड कमांड पोस्ट' अभ्यास समाप्त किया। अमेरिका और दक्षिण कोरिया के अधिकारी अपने संयुक्त सैन्य अभ्यास को रक्षात्मक प्रकृति का बताते हैं लेकिन उत्तर कोरिया इसे अपनी सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा बताता रहा है।

## ऑफ बीट

### बुध ग्रह अभी भी सिकुड़ता जा रहा



ग्रह वैज्ञानिक लंबे समय से जानते हैं कि बुध अरबों वर्षों से सिकुड़ रहा है। सूर्य के सबसे निकट ग्रह होने के बावजूद, आंतरिक गर्मी निकल जाने के कारण इसका आंतरिक भाग ठंडा होता जा रहा है। इसका मतलब यह है कि जिस चट्टान (और, उसके भीतर, धातु) से यह बना है, उसका आयतन थोड़ा सिकुड़ता जा रहा है। हालाँकि, यह अज्ञात है कि ग्रह आज भी किस हद तक सिकुड़ रहा है – और, यदि यह वाकई सिकुड़ रहा है, तो यह भी कोई नहीं जानता कि यह प्रक्रिया कितने समय तक जारी रहने की संभावना है। चूँकि बुध का आंतरिक भाग सिकुड़ रहा है, इसकी सतह (परत) के पास ढकने के लिए उत्तरोत्तर कम क्षेत्र रह गया है। यह 'दबाव थ्रस्ट' विकसित करके इसका जवाब देता है – जहां क्षेत्र का एक भाग निकटवर्ती इलाके पर धकेल दिया जाता है। यह सेब के पुराने होने पर उस पर पड़ने वाली झुर्रियों की तरह है, फर्क सिर्फ इतना है कि एक सेब इसलिए सिकुड़ जाता है क्योंकि वह सूख रहा है जबकि बुध अपने आंतरिक भाग के तापीय संकुचन के कारण सिकुड़ रहा है। बुध के सिकुड़ने का पहला सबूत 1974 में सामने आया जब मेरिनर 10 मिशन ने सैकड़ों किलोमीटर तक अपना रास्ता बना चुकी कई किलोमीटर ऊंची स्कार्पियों (रैंप जैसी ढलानों) की तस्वीरें प्रसारित कीं।

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

विशेष : विश्व जल दिवस, 22 मार्च

बच्चो, हम हर वर्ष 22 मार्च को विश्व जल दिवस यानी 'वर्ल्ड वाटर-डे' मनाते हैं। जल का हमारे जीवन में क्या महत्व है, विश्व जल दिवस हम किन उद्देश्यों को लेकर मनाते हैं, इस बारे में तुम्हें जरूर जानना चाहिए।

# जीवन है जल आओ करें संरक्षित



अवेयरनेस / शिखर चंद जैन

बच्चो, जीवन के लिए हवा, भोजन और पानी तीनों बहुत जरूरी हैं। हम तभी जीवित रह सकते हैं, जब सांस लेने के लिए हवा मिले, पेट भरने के लिए भोजन और प्यास लगने पर पानी मिले। पृथ्वी पर अगर पानी न हो तो जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। बच्चो, इस संदर्भ में तुम्हें यह भी जानकारी होनी चाहिए कि हमारी पृथ्वी का लगभग 71 प्रतिशत हिस्सा जल से भरा है, लेकिन हम जो पानी उपयोग कर सकते हैं, वह पृथ्वी पर मौजूद पानी का एक प्रतिशत से भी कम हिस्सा है, जिसे हम मीठा पानी कहते हैं। यह स्वच्छ और मीठा पानी दिन-प्रतिदिन कम होता जा रहा है। आज इसके संरक्षण की बहुत आवश्यकता है।

### विश्व जल दिवस की शुरुआत



जीवन के लिए जल के महत्व को समझते हुए और विश्व में लगातार स्वच्छ और पेय जल की कमी को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र यानी यूनाइटेड नेशंस द्वारा प्रत्येक वर्ष 22 मार्च को विश्व जल दिवस को मनाने का निर्णय लिया गया। 22 मार्च 1993 को पहला विश्व जल दिवस यानी 'वर्ल्ड वाटर-डे' मनाया गया। इसके बाद से प्रत्येक वर्ष विश्व जल दिवस मनाया जाता है।

### हर साल रहती है एक थीम

यूनाइटेड नेशंस के संगठनों के परामर्श से प्रत्येक वर्ष विश्व जल दिवस की एक थीम रखी जाती है। 2025 की थीम है-ग्लेशियर संरक्षण। बच्चो, तुम्हें पता होगा कि ग्लेशियर दुनिया में मीठे पानी का बहुत ही महत्वपूर्ण स्रोत है। भविष्य में हमारे सामने जल संकट न आए, इसके लिए इन ग्लेशियरों का बचा रहना बहुत जरूरी है। बढ़ते ग्लोबल वार्मिंग और अन्य कई कारणों से ये ग्लेशियर बहुत ही तेजी से पिघल रहे हैं। 'ग्लेशियर संरक्षण' थीम दुनिया के ग्लेशियरों की रक्षा करने की आवश्यकता पर जोर देगी। हम अपने ग्लेशियरों को कैसे बचाएं, इसके लिए लोगों को जागरूक करेगी।

### क्या हैं इसके उद्देश्य

अब विश्व जल दिवस के उद्देश्यों की बात करते हैं। इसके प्रमुख उद्देश्य हैं-सभी को पीने योग्य साफ मीठा पानी मिले। इसके लिए पानी को सही तरीके से साफ किया जाए। पानी को जिम्मेदारी के साथ इस्तेमाल किया जाए। पानी की बर्बादी को रोका जाए। इसके साथ ही हम ऐसे नेचर-फ्रेंडली कदम उठाएं, जिससे ग्लोबल वार्मिंग कम हो।

### क्या-क्या होता है आयोजन में

विश्व जल दिवस के अवसर पर दुनिया भर में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से पर्यावरणविद और नीति निर्माता, समुदाय और संगठन जल संकट और इसके समाधान के उपायों पर चर्चा करते हैं। स्कूलों और कॉलेजों में भी जल संरक्षण और प्रबंधन पर सेमिनार और अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। स्थानीय समूह और स्वयंसेवी संगठन (एनजीओ) नदियों, झीलों और अन्य जल निकायों (वाटर बॉडीज) की सफाई करते हैं। इसके अलावा अलग-अलग क्षेत्रों से जुड़े सेलिब्रिटीज लोगों को पानी की बर्बादी न करने और पर्यावरण अनुकूल आदतें अपनाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। *

### जल संरक्षण के लिए तुम भी करो प्रयास



**बच्चो, तुम** भी अपने छोटे-छोटे प्रयासों से जल संरक्षण में अपना योगदान दे सकते हो, जैसे-

- घर में पानी के उपयोग न होने पर नल बंद कर दो।
- अपने दोस्तों को भी जल बचाने के महत्व के बारे में बताओ।
- जल संरक्षण के बारे में जरूरी फैक्ट और इसका महत्व आकर्षक पोस्टर और वीडियोज बनाकर लोगों को बताओ।
- किसी एनजीओ या संगठन से वॉलंटियर के रूप में जुड़कर अपने आस-पास की प्रदूषित नदियों, झीलों और समुद्र तटों को साफ करने के कामों में अपना योगदान दो।



कविता / अखिलेश श्रीवास्तव चमन

## पानी

जिस पृथ्वी पर रहते हैं हम
उसकी अजब कहानी है।
एक भाग पर स्थल इसके
तीन भाग पर पानी है।
'लेवोइजे' ने बतलाई
तब सारी दुनिया जानी।
कैसे बनता, कहां से आता
क्या होता है यह पानी।
वैज्ञानिक कहते-पानी है
दो गैसों का संयोजन।
दो हिस्सा हाइड्रोजन होता
एक भाग है ऑक्सीजन।
यों तो हम जिस ओर भी देखें
बस जल ही जल फैला है।
लेकिन इसमें से ज्यादातर
प्रदूषित और मैला है।
साफ, स्वच्छ पानी छोड़े
कपड़े, बरतन पर दाग नहीं।
रंगहीन होता है,
इसमें गंध नहीं और स्वाद नहीं।
प्रदूषित पानी में कुछ
रोगाणु हैं होते मिले हुए।
घातक खनिज रसायन ढेरों
इसके अंदर घुले हुए।
बात साधारण, नहीं जानते
पर इसको बहुतेरे लोग।
गंदा पानी पीने से ही
हो जाते हैं ढेरों रोग।

जानकारी / नयनतारा

बच्चो, दूध पीना स्वास्थ्य के लिए बहुत ज्यादा लाभकारी है। इसीलिए इसे 'कंप्लीट फूड' भी कहा जाता है। इंसान ने गाय के दूध दुहने की शुरुआत कब से की, दूध के प्रमुख स्रोत क्या हैं, जानो।

# गाय के दूध की कब से हुई शुरुआत



बच्चो, दूध तो तुम सभी पीते होगे, लेकिन क्या तुम्हारे मन में कभी ये सवाल आया कि दुनिया में सबसे पहले गाय के दूध यानी काउ मिल्क का इस्तेमाल कब किया गया? या फिर काउ मिल्क के उपयोग का सबसे पुराना साक्ष्य कब का मिलता है?

**हजारों सालों से उपयोग हो रहा गाय का दूध:** मान्यताओं के अनुसार गाय के दूध का प्रयोग मानव सभ्यता के आदिकाल से किया जाता रहा है। साक्ष्यों की बात करें तो प्राचीन नगर बेबीलोन (वर्तमान इराक देश) के निकट लगभग पांच हजार साल पुराना एक मंदिर खोजा गया है। मंदिर की दीवारों पर अनेक चित्र उकेरे हुए हैं। एक चित्र में लोगों को गाय का दूध निकालते हुए दिखाया गया है।



**चित्र में क्या दिखाया गया है:** बेबीलोन के मंदिर से प्राप्त चित्र में एक व्यक्ति पीछे की तरफ से दूध निकाल रहा है, वह एक स्टूल जैसी चीज पर बैठा हुआ है। अन्य व्यक्ति जमीन पर रखे कंटेनर में दूध ले रहे हैं। एक तीसरा समूह पत्थर के विशाल जारों में निकाले गए दूध को एकत्र कर रहे हैं। इस चित्र से ऐसा प्रतीत होता है कि हजारों साल पहले भी गाय से दूध निकालने, इसके इस्तेमाल करने के साथ-साथ गाय के दूध का व्यापार भी काफी संगठित था।

**आधुनिक युग में दूध के प्रमुख स्रोत:** आज जो दूध हम इस्तेमाल करते हैं, उसका प्रमुख स्रोत गाय के अलावा भैंस, बकरी आदि जंतु भी हैं। इसके अलावा दुनिया के विभिन्न हिस्सों में वहां पाए जाने वाले अन्य जानवरों के दूध का भी प्रयोग किया जाता है। जैसे-एशिया महाद्वीप में अलग-अलग स्थानों पर गाय-भैंस के अलावा ऊंटनी, घोड़ी, याक और भेड़ जैसे जानवर भी दूध के प्रमुख स्रोत हैं। बर्फीले इलाकों में रहने वाली एस्किमो और लैपलैंडर्स जनजाति दूध के लिए कारिबोऊ और रेनडियर का उपयोग करते हैं। हमारे भारत और सेंट्रल एशिया के देशों में गाय के साथ-साथ भैंस भी दूध का प्रमुख स्रोत है। *

### दूध है कंप्लीट फूड

बच्चो, दूध को संपूर्ण भोजन यानी 'कंप्लीट फूड' कहा जाता है। इसमें कई सारे पौष्टिक तत्व एवं न्यूट्रिएंट्स, जैसे- कैल्शियम, फॉस्फोरस, प्रोटीन, मिल्क शुगर (लैक्टोज) और मिल्क प्रोटीन (कैसीन) आदि पाए जाते हैं। दूध आसानी से पच जाता है, इसलिए ये तत्व हमारे शरीर में जल्दी और सही ढंग से एब्जॉर्ब हो जाते हैं। इसलिए बच्चो हमें रोज दूध पीना चाहिए।

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

## देशप्रेम की रोमांचक कहानी



बच्चो, 'ये देश हमारा है' देशप्रेम की भावना जगाने वाला एक रोचक-रोमांचक बाल उपन्यास है। इसमें पांच एनसीसी कैडेट्स सक्षम, अक्षय, हार्दिक, आराध्या और मान्यता ट्रेनिंग कैंप के लिए सेना के अधिकारी कैप्टन ज्ञानेंद्र वर्मा के साथ हिमालय के सीमावर्ती इलाके में जाते हैं। लेकिन वे सब जिस हेलीकॉप्टर में जा रहे होते हैं, उसका एक्सीडेंट हो जाता है। उनकी जान तो बच जाती है लेकिन वे घने जंगल में फंस जाते हैं। वहां दुश्मन देश के सैनिक कैप्टन वर्मा को पकड़ लेते हैं। फिर उन्हें छुड़ाने के लिए सक्षम किस बुद्धिमानी से उन सबका पीछा करता है? कैसे पांचों बहादुर बच्चे जंगल के निवासियों की मदद से देश के दुश्मनों के गुप्त अड्डे का पता भारतीय सेना को बताकर अदम्य साहस का परिचय देते हैं, यह जानने के लिए तुमको यह रोमांचक उपन्यास पढ़ना होगा। पांच बच्चों की देशभक्ति और साहस से भरी यह कहानी पढ़कर तुम्हारे मन में भी अपने देश के लिए कुछ करने की भावना प्रबल हो उठेगी।

**किताब:** ये देश हमारा है (बाल उपन्यास), **लेखक:** संजीव जायसवाल 'संजय', **मूल्य:** 199 रुपए, **प्रकाशक:** फ्लाईड्रीम्स पब्लिकेशंस, दिल्ली

हिंदी ज्ञान / आशा शर्मा

बच्चो, निम्नलिखित मुहावरों/लोकोक्तियों के रिक्त स्थनों में एक ही शब्द भरा जाएगा। उस उपयुक्त शब्द को भरकर इन मुहावरों/लोकोक्तियों को पूरा करो।

1. ........ का धुला होना।
2. ........ का ........ और पानी का पानी करना।
3. ........ के दांत टूटना।
4. ........ का जला छाछ भी फूंक कर पीता है।
5. ........ दही की नदियां बहना।
6. छठी का ........ याद आना।
7. ........ के कुल्ले करना।
8. ........ में खट्टड़ डालना।

उत्तर : दूध

## जीके क्विज-146




1. फरवरी 2025 के लिए आईसीसी मेंस प्लेयर ऑफ द मंथ अवार्ड से किसे सम्मानित किया गया?
2. हाल ही में किस ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने वन-डे क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की?
3. भारत का सर्वाधिक साक्षर राज्य कौन-सा है?
4. डूरंड कप का संबंध किस खेल से है?
5. बृहस्पति के सबसे बड़े उपग्रह का नाम क्या है?
6. भारत का नेपोलियन किसे कहा जाता है?
7. महाकालेश्वर मंदिर किस राज्य में स्थित है?
8. भारत रत्न से सम्मानित पहले विदेशी नागरिक कौन थे?
9. किस नदी को 'चीन का शोक' कहा जाता है?
10. झारखंड की राजधानी कहां है?

बच्चो, जीके क्विज-146 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-145 का उत्तर :** 1.होलिका, 2.बरसाना (मथुरा), 3.न्यूजीलैंड, 4.गुजरात, 5. 22 मार्च, 6.अचंता शरत कमल, 7.तमिलनाडु, 8.जयपुर, 9.बांग्लादेश, 10.पेरिस

**जीके क्विज-145 का सही उत्तर देने वाले :** गुंजा-रायपुर, शुभम-बलौदा बाजार, डॉली-दुर्ग, अंजना-बालोद, साकेत-दुर्ग, प्रतीक-बलौदा बाजार, दिव्या-रोहतक, साकेत-महासमुंद, कमल-महेंद्रगढ़, दिशा-बेमेतरा, कुणाल-रोहतक

# कौए को भाया काला रंग



एक दिन कौआ बहुत उदास था। उसकी इस उदासी की वजह थी-उसके पंखों का काला रंग। लेकिन जब कई पक्षियों ने आकर कौए को अपनी-अपनी आपबीती सुनाई तो उसे लगा कि उसका काला रंग सबसे अच्छा है। इन पक्षियों ने ऐसी क्या आपबीती कौए को सुनाई, जो उसे अपना काला रंग भा गया?

कहानी
मोहम्मद अरशद खान

कौआ पेड़ की डाल पर चुपचाप बैठा था। उसके काले-चमकीले पंख धूप में चमक रहे थे। लेकिन उसे अपने पंखों का काला रंग पसंद नहीं था। इसलिए वह उदास था। तभी बगल की डाल पर एक गौरैया आकर बैठ गई। पहले तो कौए ने उधर ध्यान नहीं दिया, लेकिन जब एकाएक उसकी नजर गौरैया के पंखों पर पड़ी तो वह चौंक पड़ा! उसके पंखों में गुलाबी रंग लगा हुआ था। कौआ हंस पड़ा, उसने पूछा, 'अरे! तुम्हारे पंखों को यह क्या हुआ?'

गौरैया कुछ नहीं बोली। उदासी से मुंह लटका लिया। कौए को हैरानी हुई, वह बोला, 'तुम इसे साफ क्यों नहीं कर लेतीं?'

गौरैया उदास स्वर में बोली, 'मैंने बहुत कोशिश की। धूल में लोट-पोट मचाई। पोखर में छपछैया की, लेकिन जाने कैसा रंग है, छूटता ही नहीं। अब तो इन पंखों के झड़ने का इंतजार कर रही हूं, तभी इससे छुटकारा मिलेगा।' 'पर यह रंग लगा कैसे?' कौए को जिज्ञासा हुई। 'दरअसल...।' गौरैया ने बताया, 'तुम्हें तो पता ही है कि मैं इंसानों के बीच रहना पसंद करती हूं। एक दिन मैं एक घर की मुंडेर पर बैठी थी। मुझे आंगन में कुछ दाने पड़े दिखाई दिए।

भूख तेज लगी थी। मैंने आव देखा न ताव, दानों पर झपट पड़ी। जैसे ही मैंने चोंच मारी कि 'खट' की आवाज हुई और चारों तरफ अंधेरा छा गया।' 'अरे...!' कौआ हैरानी से बोला। 'हां, असल में कुछ शरारती बच्चों ने एक डलिया को लकड़ी के सहारे टिका रखा था और लकड़ी को रस्सी से बांधकर छिप गए थे। मैं दानों के चक्कर में जैसे ही अंदर पहुंची कि उन्होंने रस्सी खींच ली और मैं डलिया के अंदर बंद हो गई। फिर वे मुझे पकड़ कर बहुत देर तक मेरे साथ खेलते रहे। जब मन भर गया तो मेरे पंखों पर रंग लगाकर छोड़ दिया।' गौरैया ने बताया।

'पर उन्होंने ऐसा क्यों किया?' कौए ने पूछा। गौरैया ने वजह बताई, 'वे कह रहे थे कि मैं जहां कहीं उड़ती दिखूंगी तो वे मुझे पहचान लेंगे।' गौरैया अपनी कहानी बताकर चली गई। तभी दो कबूतर उड़कर उधर आ बैठे। उनमें एक के माथे पर नीला और दूसरे के लाल रंग का धब्बा लगा हुआ था। 'क्या तुम्हें भी शरारती बच्चों ने पकड़ लिया था?' कौए ने उत्सुकता से पूछा।

'नहीं तो..!' दोनों कबूतर एक साथ बोले। 'तो फिर तुम्हारे माथे पर रंग कैसे लगा हुआ है?' कौए ने जानना चाहा।

'यह तो हमारे मालिक ने लगाया है ताकि वे हमें पहचान सकें।' लाल धब्बे वाले कबूतर ने दुख के साथ बताया।

'हम दोनों पक्के दोस्त हैं, लेकिन बड़ी मुश्किल से मिल पाते हैं। हम दोनों के मालिक अलग-अलग हैं। वे हमें मिलने ही नहीं देते।' नीले धब्बे वाले कबूतर ने लंबी सांस लेते हुए कहा। 'चलो, अब अपने दड़बे में वापस लौटने का समय हो गया है। वर्ना हमारे मालिक हमें ढूंढ़ते हुए यहां भी आ पहुंचेंगे।' यह कहते हुए दोनों कबूतर अपने पंखों से 'सन-सन-सन' आवाजें निकालते हुए वापस चले गए। कबूतरों के जाते ही एक बगुला हांफता हुआ उधर आ गया। उसके पंखों पर कीचड़ और काई जमी हुई थी।

कौए ने पूछा, 'बगुले भाई, तुम्हारे पंख कैसे गंदे हो गए?' बगुला उबासी लेता हुआ बोला, 'मैं दिन भर काई भरे कीचड़-पानी में रहता हूं। बिना हिले-डुले चुपचाप खड़े रहने से पंखों पर गंदगी चढ़ जाती है। इसीलिए मेरे पंख गंदे रहते हैं।' 'लेकिन पानी से धोने पर ये साफ भी तो हो सकते हैं।' कौए ने कहा।

'हां, पर कीचड़ में घुसने पर फिर लग जाती है। इसलिए मैं इसे साफ करने की तरफ ध्यान ही नहीं देता।' कहकर बगुला धीमे से हंसा और वहां से चला गया। कुछ ही देर में वहां सतभैये आकर चहचहाने लगे। कौए ने ध्यान से देखा तो एक का रंग बिल्कुल पीला हो रहा था। कौए ने सोचा शायद वह इन सबका लीडर होगा। लेकिन जब कौए ने पूछा तो उसने बताया, 'एक बार हम लोग एक घर के आंगन में उछल-कूद मचा रहे थे। आंगन में खाने-पीने की चीजें सूखने को रखी थीं। हल्दी का पावडर भी रखा था। अचानक एक बिल्ली हम पर झपट पड़ी। बिल्ली का हमला देखकर सब तो भाग लिए पर मैं हड़बड़ी में हल्दी के टोकरे में जा गिरा। वह दिन है और आज का दिन, पंखों से यह रंग उतरता ही नहीं।'

उसकी बात पर चहचहा रहे सतभैये चुप हो गए। फिर उनमें से एक ने कौए के पंखों की ओर देखते हुए कहा, 'लेकिन तुम्हारे पंखों का रंग सबसे अच्छा है। काले रंग पर कोई दूसरा रंग चढ़ ही नहीं सकता।' 'हां, मुझे अपना काला रंग पसंद है।' कौए ने कहा और खुशी से अपने पंख फैला दिए। उसके पंखों पर सुनहरी धूप चमकने लगी। *

कविता
सुरेंद्र विक्रम



## बसंत के दिन आए...

सूरज प्रतिदिन नियम बनाकर
उगता है फिर ढल जाता है।
चंदा तारों के संग मिलकर
आसमान को दमकाता है।
सूरज की किरणें आती हैं
पत्ती-पत्ती खिल जाती है।
चंदा की किरणों से मिलकर
खड़ी कुमुदिनी मुस्काती है।
मौसम बदला, सूरज मचला
बड़ी-बड़ी बांहें फैलाए।
छू-मंतर हैं जाड़े के दिन
अब बसंत के दिन आए।
पीली सरसों फूली हुई हैं
पीली हुईं दिशाएं सब।
नया बौर आमों में आया
भौंरे गुन-गुन गाएं अब।
फूला-फूला 'तीसी' का मन
चना-मटर की बजीं तालियां।
मस्त-मगन हो झूम रही हैं
गेहूं की सब हरी बालियां।
दूर-दूर तक खुले खेत में
हवा नाचती छम-छम-छम।
सोंधी-सोंधी खुशबू फैली
जिसमें डूब गए हैं हम।

## रंग भरो-171

**रंग भरो-171** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





रितेश, मटियारी


हिताक्षी, महेंद्रगढ़


सौम्य, बालोद


तक्षित, बिलासपुर


कुंजल, कोरबा


बेबी, मटियारी

**इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय**
आस्तिका-चांपा, आलोक-दुर्ग, भावना-भिवानी, डॉली-दुर्ग, डिंपल-दुर्ग, प्रगति-बिलासपुर, रिद्धि-भिवानी, रितिका-बिलासपुर, समृद्धि-चांपा, वेदिका-रायपुर, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, दिनेश-करनाल, अमन-बिलासपुर, स्वीटी-कोरबा

## रंग भरो 172

बच्चो, यहां जंगल में मस्ती करते कुछ एनिमल्स का ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।





## दो भागों में रिलीज होगी विजय देवरकोंडा की 'किंगडम'

**मुंबई।** विजय देवरकोंडा अभिनीत एक्शन थ्रिलर फिल्म 'किंगडम' 30 मई को रिलीज होगी। पहले कयास लगाए जा रहे थे कि 'किंगडम' को दो भागों में बनाया जाएगा, लेकिन अब फिल्म के निर्माता नामा वामसी ने आखिरकार इन खबरों पर चुप्पी तोड़ी है। नागा वामसी ने रिपोर्टों पर प्रतिक्रिया व्यक्त की और कहा, 'हमने कहानी को केवल दो-भाग की फ्रेंचाइजी बनाने के लिए नहीं बढ़ाया। फिल्म में दो भागों में रिलीज होने की गुंजाइश और पैमाना है।' उन्होंने आगे कहा कि किंगडम स्क्रीनप्ले, लॉजिक, भव्यता और एक्शन के मामले में सभी कसौटियों पर खरा उतरता है।

लाइफ Style

# तमन्ना


## ब्रेकअप की अफवाहों के बीच खुद को किया मोटिवेट

इन दिनों तमन्ना भाटिया अपनी फिल्मों से ज्यादा अपने ब्रेकअप की अफवाह को लेकर चर्चा में हैं। खबर है कि उनका और अभिनेता विजय वर्मा का ब्रेकअप हो चुका है। अब तक अभिनेत्री ने इस मुद्दे पर चुप्पी साधी हुई है। लेकिन हाल ही में एक सोशल मीडिया पोस्ट में वह खुद को ही मोटिवेट करती नजर आईं।

एजेंसी ⏭ मुंबई

तमन्ना भाटिया और विजय वर्मा काफी समय से डेट कर रहे थे, इनकी शादी करने की खबर भी बीच में सुनने को मिली। फिर अचानक इनके ब्रेकअप की अफवाह और खबरें सामने आने लगीं। अब तक इस मुद्दे पर अभिनेत्री ने खुलकर कुछ नहीं कहा है, लेकि,न वह इशारों-इशारों में काफी कुछ कह रही हैं। इसके लिए सोशल मीडिया पोस्ट का भी सहारा लेती हैं। हाल ही में अभिनेत्री तमन्ना ने एक पोस्ट साझा की, इसमें वह काफी मोटिवेशनल बात करती दिखीं। एक अवॉर्ड फंक्शन में शामिल होने के लिए तमन्ना ने सफेद रंग की एक खूबसूरत ड्रेस पहनी। इस ड्रेस में अपनी कुछ तस्वीरें तमन्ना ने इंस्टाग्राम पर साझा कीं। इन फोटो के साथ अभिनेत्री ने संदेश लिखा- 'यह रंग मुझे याद दिलाता है कि आकाश की कोई सीमा नहीं है।'

इस मैसेज के जरिए वह खुद को शायद मोटिवेट कर रही हैं। अपने ब्रेकअप की अफवाह के बीच ही तमन्ना ने होली का त्योहार भी मनाया, साथ ही अपने दोस्तों संग पार्टी भी की। पिछले दिनों होली पर भी तमन्ना भाटिया रवीना टंडन के घर पहुंचीं। इसके अलावा वह रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी के साथ पार्टी करती भी दिखीं। तमन्ना भाटिया इस साल कुछ फिल्मों में भी नजर आएंगी। जल्द ही उनकी एक फिल्म 'ओडेला 2' रिलीज होगी।



## बॉयफ्रेंड पर खुलेआम प्यार लुटाते दिखीं

**मुंबई।** श्रद्धा कपूर कुछ दिनों से अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर काफी सुर्खियों में हैं। ऐसी खबर आ रही है कि वह राहुल मोदी को डेट कर रही हैं। दोनों कई बार साथ में स्पॉट भी हुए हैं। यहां तक कि श्रद्धा सोशल मीडिया पर भी राहुल के साथ फोटोज शेयर करती हैं। अब एक्ट्रेस की राहुल के साथ एक क्लिप वायरल हो रही है जिसमें दोनों के बीच रोमांटिक मोमेंट नजर आ रहे हैं।



दरअसल, एक क्लिप सामने आया है जिसमें श्रद्धा और राहुल गाड़ी की तरफ जाते हैं और उसके बाद एक-दूसरे को बाय बोलते हुए हग करते हैं। दोनों के इस रोमांटिक मोमेंट को देख फैंस दोनों को लेकर प्यारे कमेंट्स कर रहे हैं। वहीं, फैंस तो इसकी उम्मीद भी कर रहे हैं कि दोनों शायद जल्द शादी करने वाले हैं। एक ने कमेंट किया राहुल की आरोही। एक ने लिखा, स्त्री और पुरुष। एक ने लिखा लगता है जल्द शादी करने वाले हैं। वैसे दोनों की कैमिस्ट्री देखकर साफ पता चलता है कि दोनों एक-दूसरे से बहुत प्यार करते हैं। एक बार श्रद्धा को जब स्पॉट किया गया था तो उनके फोन पर राहुल के साथ उनकी फोटो का वॉलपेपर था जो काफी वायरल हुआ था। श्रद्धा की प्रोफेशनल लाइफ की बात करें तो वह लास्ट स्त्री 2 में नजर आई थीं जो सुपरहिट थी। इस फिल्म में श्रद्धा के साथ राजकुमार राव लीड रोल में थे। इसके बाद वह अब नो एंट्री 2, स्त्री 2 में नजर आएंगी।

## 'किक' के सीक्वल को लेकर हैं उत्साहित

**मुंबई।** जैकलिन फर्नांडीस साल 2014 में आई फिल्म 'किक' के दूसरे पार्ट का हिस्सा बनने की उम्मीद जताई है। उनके मुताबिक फिल्म ने उनकी जिंदगी बदल दी थी। यह फिल्म साल 2009 में आई तेलुगु फिल्म 'किक' की रीमेक थी। फिल्म में सलमान खान, जैकलिन फर्नांडीस के अलावा नवाजुद्दीन सिद्दीकी और रणदीप हुड्डा भी थे। जैकलिन ने कहा 'मैं इस फ्रेंचाइज को लेकर बहुत उत्साहित हूं, लेकिन मुझे लगता है कि अगर साजिद नाडियाडवाला या सलमान खान इसकी तस्दीक करें तो ज्यादा अच्छा होगा। मैं उम्मीद करती हूं कि ये फिल्म जल्दी बने, क्योंकि 'किक' को लोगों से खूब प्यार मिला था। इस फिल्म ने मेरी जिंदगी बदल दी थी।' जैकलिन ने 'मर्डर 2', 'रेस 3' और 'ढिशूम' जैसी फिल्मों में काम किया है। साल 2025 में उनकी कई फिल्में रिलीज होने वाली हैं। इससे वह काफी उत्साहित हैं। वह जल्द ही 'वेलकम' और 'हाउसफुल 5' में नजर आने वाली हैं। जैकलिन के मुताबिक यह बहुत ही अच्छा साल होने वाला है। क्योंकि मेरी कई फिल्में रिलीज होने वाली हैं। मैं 'हाउसफुल' में दोबारा वापसी कर रही हूं। हम इस वक्त 'हाउसफुल 5' में हैं। जैकलिन की फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' बहुत कॉमेडी फिल्म होने वाली है। उन्होंने बताया यह मेरे लिए बहुत नया है।





## 18 अप्रैल को रिलीज होगी 'केसरी चैप्टर 2'

**मुंबई।** अक्षय कुमार अभिनीत फिल्म 'केसरी' ने शुक्रवार 21 मार्च को छह साल का सफर पूरा कर लिया। यह फिल्म साल 2019 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई और हिट रही। अब इसका सीक्वल भी आ रहा है। 'केसरी' की रिलीज पर मेकर्स ने सोशल मीडिया पर सीक्वल 'केसरी चैप्टर 2' की झलक शेयर की है। फिल्म 'केसरी चैप्टर 2' में अक्षय कुमार के अलावा आर. माधवन भी अहम रोल में दिखाई देंगे। इसके अलावा अनन्या पांडे भी फिल्म का हिस्सा हैं। करण सिंह त्यागी के निर्देशन में बनी फिल्म अप्रैल में दस्तक देगी। यूं तो फिल्म को मार्च में होली के मौके पर रिलीज किया जाना था, लेकिन मेकर्स ने रिलीज डेट बदल दी। अब यह 18 अप्रैल को रिलीज होगी। इस फिल्म को धर्मा प्रोडक्शंस, लियो मीडिया कलेक्टिव और केप ऑफ गुड फिल्म्स के बैनर तले बनाया जा रहा है। भले ही फिल्म का नाम 'कैसरी चैप्टर 2' है, लेकिन 2019 की 'केसरी' की कहानी से इसका लेना-देना नहीं है। अक्षय कुमार ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने वीडियो शेयर किया है, जो केसरी का है। इसके साथ लिखा है, 'नया युद्धा, लेकिन जोश और आग वही'। उन्होंने कैप्शन लिखा है, 'फिल्म 'केसरी' के छह साल पूरे होने का जश्न। केसरी के जज्बे का जश्न और साथ ही नए चैप्टर का जश्न, जो जल्द शुरू हो रहा है। अक्षय कुमार के इस पोस्ट पर यूजर्स सीक्वल के प्रति उत्साह जता रहे हैं और लिख रहे हैं बेसब्री से फिल्म का इंतजार है। एक यूजर ने लिखा, 'अक्षय कुमार का दौर कभी खत्म नहीं होगा'।

epaper : www.haribhoomi.com

हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
62638l8152

**Appointment आवश्यकता**

### सिक्योरिटीगार्ड

**आवश्यकता है-** फैक्टरी, होटल हेतु सुपरवाइजर, सुरक्षा गार्ड, लेडी गार्ड, मार्केटिंग अधिकारी, योग्यता 10वीं, स्नातकोत्तर, गार्ड ऊंचाई (5.7) वेतन 12000/- से 15000/- **संपर्क:- ALERT SGS PRIVATE LIMITED, 434, चतुर्थतल, प्रोग्रेसिव पॉइंट, लालपुर, रायपुर मोबाइल :- 7746000016, 8720005500.** (RO-3160)

### टीचर

**आवश्यकता है-** महारानी लक्ष्मीबाई विद्यापीठ तीन दर्शन मंदिर केम्प 1 भिलाई को सभी विभाग में विषय शिक्षकों की आवश्यकता है। विद्यालय में बायोडाटा सहित 8 से 4 बजे **संपर्क करें।** (आरो नं.-700)

### सफाई कार्य

**आवश्यकता है-** न्यू गीतांजलि नगर, रायपुर (बी टी आई के पास) में घर की साफ सफाई के लिए महिला की आवश्यकता है। **संपर्क - 9752530608.** (RO-542)

### टेक्नीशियन/टेलीकॉलर

**आवश्यकता है-** यूरेका फॉर्ब्स लिमिटेड प्रोडक्ट हेतु आवश्यकता 12वीं, टेलीकॉलर- 2, ऑफिस असिस्टेंट -02, सेल्स रिप्रेजेंटेटिव- 4, सर्विस टेक्निशियन- 2, ऑफिस बॉय- 1 **संपर्क:- दीपिका सर्विसेज कर्मचारी कॉलोनी कुशालपुर रायपुर 9826652461.** (RO-3365)

### कुक/कार क्लीनर

**आवश्यकता है-** तेलीबांधा के आगे वी.आई.पी. चौक के पास, रायपुर में शाकाहारी खाना एवं अन्य घरेलू कार्य करने के लिए पुरुषो की आवश्यकता है। ग्रामीणों को प्राथमिकता। पान, गुटखा, तंबाकू या किसी प्रकार का नशा न करने वाले व्यक्ति संपर्क करें। **संपर्क करें: 9300593000.** (RO-1243)

### ड्रायवर

**आवश्यकता है-** निजी एम्बुलेंस सर्विस के लिए ड्राइवर की आवश्यकता है बुकिंग वाली गाड़ियां है तनख्वाह योग्यतानुसार **संपर्क :- एम्स, टाटीबंध, रायपुर,गेट 2 के पास 8435148489, 7000042022.** (RO-540)

### पैकिंग कार्य/ ड्रायवर

**आवश्यकता है-** चुस्की चाय में पैकिंग कार्य हेतु लेडिस/ लड़कियों की और लेबर कार्य हेतु पुरुष की एवं ड्राइवर की जरूरत है। **संपर्क करें- एसबीआई एटीएम के सामने आकृति विहार अम्लीडीह रायपुर। मो . 7469980000, 07714075490** (Ro. 7062)

### मिस्त्री/मैकेनिक

**आवश्यकता है-** JCB 3DX मशीन, AJAX सीमेंट कंक्रीट मिक्सर मशीन, वाइब्रो रोलर, मेंटेनेंस हेतु मिस्त्री मैकेनिक इंजीनियर ड्राइवर ऑपरेटर और ट्रक स्विफ्ट चलाने हेतु ड्राइवर की। **सम्पर्क करें- बिलासपुर 9669211111, 9827175811, 8602111111.** (RO-37171)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

### सेल्समैन/सेल्सगर्ल

**आवश्यकता है-** साड़ी दुकान एवं रेडीमेड कपड़े की दुकान हेतु लड़के- लड़कियां एवं सेल्समैन- सेल्सगर्ल की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार **संपर्क करें:- भागचंद आनंदराम, मटका लाईन, गोल बाजार, रायपुर मोबाइल नंबर:- 9329103178.** (RO-3370)

**आवश्यकता है-** ज्वेलरी शाप में सेल्सगर्ल / सेल्स बॉय की आवश्यकता है, स्मार्ट को प्राथमिकता! **संपर्क करे अपने परिचय पत्र के साथ नगीना जेम्स, सदर बाजार रायपुर छ.ग.** (RO-7368)

### घरेलु कार्य

**आवश्यकता है-** अमलीडीह रायपुर में घर की साफ सफाई एवं अन्य घरेलू कार्य हेतु अनुभवी पति पत्नी की आवश्यकता है,रहने की सुविधा । **संपर्क 8839870056, 6262800019.** (RO-540)

**आवश्यकता है-** बच्चा संभालने हेतु 24 घंटे की बाई (लड़की) चाहिये। रहना एवं खाना दिया जाएगा। **स्थान: तेलीबांधा, रायपुर सम्पर्क करे:- 9575042814.** (RO-3378)

### सेल्स ऑफिसर

**आवश्यकता है-** सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के प्रत्येक ब्लॉक में एक एक सर्वेयर सेल्स आफिसर की आवश्यकता है इंकम प्रतिमाह 21000 समस्त भत्तों सहित **सम्पर्क R.K. सेल्स रायपुर एण्ड बिलासपुर 8109100493** (RO-37111)

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

### पेट्रोल पंप कर्मी

**आवश्यकता है-** उरला कन्हेरा स्थित पेट्रोल पंप हेतु लड़को की आवश्यकता है। इच्छुक व्यक्ति - आवेदन Bio-data एवं समस्त दस्तावेज सहित सम्पर्क करे। **डागा पेट्रोल पंप, कन्हेरा 9424-225533.** (RO-246)

### ऑफिस कार्य

**आवश्यकता है-** इंदौर मध्यप्रदेश मे रहकर ऑफिस कार्य करने हेतु अविवाहित लड़को की आवश्यकता है सैलेरी 10000 रहना खाना ट्रैवलिंग फ्री नियुक्ति फ्री **संपर्क करे 9575712101, 7389318055.** (RO-305)

### वेल्डर/ड्रायवर

**आवश्यकता है-** राघव एडवटाईजिंग में वेल्डर और ड्राइवर की आवश्यकता है। (वेतन योग्यतानुसार) **संपर्क: राघव हाउस, 08 प्रियदर्शनी कॉलोनी मातृ-पितृ छाया आपर्टमेंट, रायपुर 9993655555, 7898980581.** (RO-3829)

### सिविल इंजीनियर

**Urgent Hiring** Civil Engineer and Interior Designer 1-3 Years Experienced Candidate Qualification:-B.E. (Civil), B.Sc. (Interior Design), ITI (Civil) Diploma, Salary Range Upto 20,000/- Tatva Design & Infra Krishna Talkies Road Risali, Call- **79746-05338** (आरो नं.-703)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

### मैकेनिक

**मैकेनिक चाहिए-** दो पहिया वर्कशॉप हेतु अनुभवी, निपुण मैकेनिक की आवश्यकता है आकर्षक वेतन योग्यता अनुसार **संपर्क करे:- शुक्ला जी माँ दुर्गा ऑटोस फाफाडीह रायपुर 9993485550, 9300697230.** (RO-3374)

### अन्य कर्मी

**आवश्यकता है-** (1) टाटा एस एवं ऑटो ड्राइवर एंव हेल्पर जो लोडिंग अनलोडिंग कर सके एवं हमाल (2) दुकान हेल्पर लड़के - लड़कियां (3) मार्केटिंग सेल्स पर्सन (4) कंप्यूटर ऑपरेटर लड़कियों की **महाराष्ट्र मसाला उद्योग तत्यापारा 94252-12631**(RO-153)

### कुक

**आवश्यकता है-** हॉस्टल में खाना बनाने वाली कुक की आवश्यकता है रहने की सुविधा **संपर्क: बांठिया हॉस्पिटल राजातालाब रोड़ रायपुर 0771-2425009.** (RO-om)

### सेल्स कार्य

**आवश्यकता है-** Paytm कम्पनी में साउंड बॉक्स सेलिंग कार्य करने हेतु युवकों की आवश्यकता है। कार्य स्थान रायपुर वेतन 13000 से 27000+ PF+ इंसेंटिव, योग्यता- 10वीं पास उम्र- 18 से 36वर्ष, बाइक, स्कूटी अनिवार्य। **सम्पर्क करे- 7067875703.** (RO-37147)




### इंजीनियर/डिजाइनर

**आवश्यकता है-** टाटा बिगबास्केट में ऑनरोल एसोसिएट पद पे कार्य करने के लिए लड़के लड़कियों की आवश्यकता है , न्यूनतम १०वी पास, आयुवर्ग - 18 से 35 ,वेतन 14000 /- मासिक। सुविधाएँ - PF, ESIC, अटेंडेंस बोनस, रिवॉर्ड इंसेंटिव। शिफ्ट- 9 घंटा । इच्छुक व्यक्ति **संपर्क करे - 7869295123 / 7067933763** (RO-7369)

### ऑफिस कार्य

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य हेतु अविवाहित लड़कों की आवश्यकता है उम्र 18 से 25 जो बाहर रहकर कार्य करे सैलरी 10,000 + कमीशन +बोनस **संपर्क करे:- 7024334511 मंगला चौक बिलासपुर.** (RO-3366)

### अन्य

**आवश्यकता है-** सुनहरा अवसर नौकरी भारतीय वनविभाग में सीधी पक्की भर्ती, परमानेंट बेसेस पर, आवेदन करें, (10वी+12वी) पास लड़के लड़कियां , आवेदन के लिए, आधारकार्ड, पासपोर्ट फोटो, मार्कशीट व्हाट्सएप करें, पद - वनसिपाही, वनरक्षक, क्लर्क, वनपाल सैलरी - (25000/- से 35000/-) **संपर्क करें - 9933803418.** (RO-737)

**आवश्यकता है-** नौकरी ही नौकरी तहसील स्तरीय भर्ती पद संख्या 975 वनरक्षक फील्ड ऑफिसर माली सिपाही ड्राइवर वेतन 27500+52400 तक आवेदन करने के लिए आधार कार्ड मार्कशीट पैन कार्ड व्हाट्सएप करे **7460994309.** (RO-733)

**आवश्यकता है-** Fraud call से सावधान Airtel 5G कंपनी मे घरबैठे पार्ट/ फुलटाईम (SMS जॉब ) करके लड़के लड़कियों गृहणियां कमाए ( 15000-45000)/- महिना लैपटॉप + मोबाइल मुफ्त Call/ WhatsApp/ SMS करें - **07903284986.** (RO-736)

**Property प्रापर्टी**

### जमीन

**जमीन बेचना है-** भाठागांव बस स्टैण्ट से 10km में डायवर्टेड प्लाट 4475 स्क्वायर फीट चारों ओर से बाऊण्ड्री वाल किया हुआ है। जिसमें 2BHK मकान भी बना है। तत्काल बेचना है। **मों.- 9977710373, 9340018862.** (RO-7058)

**जमीन बेचना है-** 1 एकड़ 25 डिसमील जमीन बेचना है । ग्राम ढोडरा जिला रायपुर कीमत 85 लाख नहर से लगा, डबल फसल होता है। **मो. 93407-40179, 62618-92142** (आरो नं.-701)

### प्लाट

**प्लॉट बेचना है -** कमर्शियल प्लाट बेचना है दुर्ग धमधा मेन रोड पर जेवरा सिरसा के पास 8000 वर्गफीट डबल रोड प्लॉट बेचना है। ट्रांसपोर्ट नगर दुर्ग में कमर्शियल प्लाट एवं खेत बेचना है। **mo.- 9329021207.** (आरो नं.-699)

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

**For Rent किराया**

### कमर्शियल

**किराये से देना है-** वीआईपी रोड में ड्रीमसिटी के अंदर, राजवाड़ा के पास, डबल स्टोरी फर्निश्ड मकान (5000 वर्गफीट में निर्मित) गार्डन के साथ ऑफिस/ रेस्टहाउस/ फैमिली हेतु किराए से देना है ( 4 बेडरूम, 3 हॉल, किचन, 3 वॉशरूम) **सम्पर्क- 8120593540.** (RO-4912)

**Finance फायनेंस**

**फाइनेंस -** किसान लोन - खेती जमीन पे पाए प्रति एकड़ 2 लाख से 10 लाख रूपए या जमीन पे गोदाम या दुकान बनाने के लिए लोन. **8819999374.** (RO-47248)

**Services सर्विसेस**

**सर्विस -** आंचल अमृततुल्य स्वंय का दुकान डाले, बिजनेस करे बिना रिस्क के, कम पूंजी लगाकर या सैलरी में एग्रीमेंट के साथ संपर्क करें ,8234095610 समवेत शिखर कॉम्पलेक्स, दूसरा मंजिल, रायपुर (छ.ग.) (RO-3316)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।




**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

Healthcare



## खबर संक्षेप

### हीरो मोटाकॉर्प खरीदेगी यूलर मोटर में हिस्सेदारी




**नई दिल्ली।** देश की अग्रणी दोपहिया वाहन कंपनी हीरो मोटोकॉर्प ने कहा कि उसने 525 करोड़ रुपये में यूलर मोटर्स में 32.5 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करके इलेक्ट्रिक तिपहिया खंड में कदम रखा है। निदेशक मंडल ने यूलर मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड में एक या अधिक किस्तों में 525 करोड़ रुपये तक के रणनीतिक निवेश को मंजूरी दी है।

### सेवा निर्यात 450 अरब डॉलर पहुंचाने का लक्ष्य : गोयल



**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने देश के सेवा निर्यात की अच्छी वृद्धि का जिक्र करते हुए कहा कि इस क्षेत्र को अगले वित्त वर्ष में वस्तु निर्यात को पीछे छोड़ते हुए 450 अरब डॉलर तक पहुंचने का लक्ष्य रखना चाहिए। गोयल ने यह स्वीकार किया कि मौजूदा वैश्विक स्थिति में वस्तु व्यापार को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

### पीएसपीसीएल ब्याज समेत राशि लौटाएगा




**नई दिल्ली।** विद्युत अपीलीय न्यायाधिकरण ने तलवंडी साबो पावर लिमिटेड को 78 करोड़ रुपये वापस करने का पंजाब राज्य विद्युत निगम लिमिटेड को निर्देश दिया है। तलवंडी साबो पावर लिमिटेड ने कहा कि अपीलीय न्यायाधिकरण ने पीएसपीसीएल को लागू ब्याज का भुगतान करने का भी निर्देश दिया गया है, जो लगभग 180 करोड़ रुपये है।

### फिजिक्सवाला का आईपीओ लाने दस्तावेज दाखिल

PHYSICS WALLAH

**नई दिल्ली।** शिक्षा प्रौद्योगिकी कंपनी फिजिक्सवाला ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने के लिए पूंजी बाजार नियामक सेबी के समक्ष गोपनीय मार्ग से दस्तावेज का मसौदा दाखिल किया है। इस गोपनीय मार्ग से कंपनी को 'ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस' के तहत विवरणों की सार्वजनिक तौर पर जानकारी नहीं देनी होती।

### नगरीय निकाय बांड पर वेबसाइट लाया एनएसई




**नई दिल्ली।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने देश में बांड बाजार की विश्वसनीयता और दृश्यता बढ़ाने के लिए स्थानीय निकाय बांड को समर्पित एक वेबसाइट पेश करने की शुक्रवार को घोषणा की। यह वेबसाइट बाजार प्रतिभागियों के लिए एक केंद्रीकृत केंद्र के रूप में काम करेगी।

### जिंदल स्टेनलेस के सीएफओ मंत्री ने दिया इस्तीफा

JSL JINDAL STAINLESS

**नई दिल्ली।** जिंदल स्टेनलेस लिमिटेड (जेएसएल) ने कार्यकारी निदेशक एवं मुख्य वित्तीय अधिकारी (समूह) अनुराग मंत्री के अपने पद से इस्तीफा देने की शुक्रवार को घोषणा की। जेएसएल ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि वह चार अप्रैल 2025 को कामकाजी समय समाप्त होने के बाद से कार्यकारी निदेशक और समूह के मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) के पद से मुक्त हो जाएंगे। इसमें कहा गया, मंत्री ने नए पेशेवर अवसरों की तलाश के लिए इन पदों से इस्तीफा दिया है।

# अब जीएसटी चोरी करना पड़ेगा भारी, 1 अप्रैल से लागू हो रहा है 'आईएसडी' नियम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत सरकार ने गुड्स एंड सर्विस टैक्स के नियमों में काफी बदलाव किया है। इसके तहत 1 अप्रैल 2025 से इनपुट सर्विस डिस्ट्रीब्यूटर (आईएसडी) सिस्टम लागू होने जा रहा है।

■ राज्यों के बीच राजस्व का सही विभाजन सुनिश्चित करना

इस सिस्टम का मुख्य उद्देश्य राज्यों के बीच टैक्स रेवेन्यू का सही डिस्ट्रीब्यूशन सुनिश्चित करना है। इसकी मदद से राज्य सरकारें एक ही जगह पर दी जा रही शेयर्ड सर्विसेज पर उचित मात्रा में टैक्स वसूल करेंगी। आईएसडी मैकेनिज्म को लागू करने के लिए 2024 के फाइनेंस एक्ट के तहत सेंट्रल जीएसटी एक्ट में संशोधन किया गया है। यह मैकेनिज्म उन व्यवसायों को सुविधा देता है जो कई राज्यों में संचालित होते हैं। इसके तहत व्यवसाय अपनी एक हेडक्वार्टर में कॉमन इनपुट सर्विस के इनवॉइस को सेंट्रलाइज कर सकते हैं।

## इनपुट सर्विस डिस्ट्रीब्यूटर सिस्टम लागू होने जा रहा

### नए नियम क्या है

पहले बिजनेस करने वालों के पास कॉमन आईटीसी को अपने अन्य जीएसटी रजिस्ट्रेशन में आवंटित करने के लिए दो ऑप्शन थे। इसमें दो ऑप्शन यह थे कि आईएसडी मैकेनिज्म या क्रॉस-चार्ज मेथड, लेकिन अब 1 अप्रैल 2025 से आईएसडी का इस्तेमाल न करने पर रेसिपिएंट लोकेशन के लिए आईटीसी नहीं दी जाएगी। अगर आईटीसी का गलत वितरण होता है तो टैक्स अथॉरिटी ब्याज सहित राशि वसूल करती है। इसके साथ ही अनियमित वितरण के लिए जुर्माना भी लगेगा, जो आईटीसी की राशि या 10 हजार रुपए से भी अधिक होगा।




### इनपुट टैक्स क्रेडिट का प्रॉफिट

इनपुट टैक्स क्रेडिट यह वो टैक्स होता जो व्यवसाय अपनी खरीद पर चुकाते हैं। इसे आउटपुट टैक्स से घटाया जा सकता है, जिससे व्यवसाय की कुल जीएसटी देनदारी कम हो जाती है। नए नियमों के तहत आईएसडी सिस्टम का इस्तेमाल होना अनिवार्य होगा जिससे आईटीसी का सही वितरण हो सके।

### जीएसटी सिस्टम अधिक व्यवस्थित होगा

यह बदलाव जीएसटी सिस्टम को और अधिक व्यवस्थित करने की दिशी में एक और बड़ा कदम है। आईएसडी सिस्टम से न केवल राज्यों के बीच टैक्स रेवेन्यू वितरण होगा, बल्कि व्यवसायों को भी अपनी टैक्स देनदारियों को बेहतर तरीके से प्रबंधित करने में मदद मिलेगी। यह कदम टैक्स की चोरी रोकने और सिस्टम में पारदर्शिता लाने के लिए काफी अच्छी साबित होगी।

## सेबी के सदस्य नारायण ने कहा, सोशल मीडिया प्रभावित करने की क्षमता रखता है

# सेबी ने पिछले साल 70 हजार भ्रामक सोशल मीडिया पोस्ट और खाते हटाए

एजेंसी ▶▶| मुंबई

बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पूर्णकालिक सदस्य अनंत नारायण जी ने शुक्रवार को कहा कि पिछले साल 'फिन-इन्फ्लुएंसर' ढांचे के क्रियान्वयन के बाद से सोशल मीडिया मंचों के साथ परामर्श कर 70,000 भ्रामक खाते और 'पोस्ट' हटाए गए हैं।

सोशल मीडिया पर वित्तीय मामलों में लोगों को प्रभावित करने की क्षमता रखने वालों को फिन-इन्फ्लुएंसर कहते हैं। नारायण ने बताया कि विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों द्वारा शेयर बेचने की चिंताओं के बीच कुल मिलाकर निवेश प्रवाह उतना बुरा नहीं है, जितना सोचा गया था। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत में एफआईआई का निवेश जारी है।

### सोशल मीडिया कंपनियों के साथ काम जारी है

नारायण ने कहा कि अपंजीकृत निवेश सलाहकार और शोध विश्लेषक एक "खतरा" हैं, जो निवेश में बढ़ती रुचि का फायदा उठा रहे हैं। उन्होंने यहां पंजीकृत निवेश सलाहकारों द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, " अक्टूबर 2024 से सेबी ने 70,000 से अधिक भ्रामक खातों/'पोस्ट' को हटाने के लिए सोशल मीडिया कंपनियों के साथ काम किया है।"

### सलाहकारों की मदद मांगी

सेबी के पूर्णकालिक सदस्य ने कहा कि उन्होंने अनुपालन सुनिश्चित करने में सलाहकारों की मदद मांगी। उन्होंने साथ ही सेबी-पंजीकृत संस्थाओं की पहचान करने में मदद के लिए यूपीआई 'पेराइट' खाते और इस दिशा में सेबी के प्रयासों के रूप में वैकल्पिक केंद्रीकृत शुल्क संग्रह तंत्र का उल्लेख किया।




### अधिग्रहण मानकों से संबंधित ऑनलाइन पोर्टल हुआ अनिवार्य

बाजार नियामक सेबी ने कहा कि 'अधिग्रहण विनियम" के तहत शेयर अधिग्रहण में कुछ छूट से संबंधित रिपोर्ट ईमेल और हाल ही में जारी मध्यस्थ पोर्टल दोनों के जरिये पेश की जा सकती हैं। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने एक परिपत्र में कहा कि यह दोहरी प्रस्तुति प्रणाली अभी से 14 मई, 2025 तक ही लागू रहेगी। इसके बाद रिपोर्ट रखने के लिए केवल ऑनलाइन पोर्टल का ही इस्तेमाल किया जाएगा।

■ भारत में एफआईआई का निवेश जारी है

■ अपंजीकृत निवेश सलाहकारों से निवेशकों को खतरा है

■ फिन-इन्फ्यूएंसर बढ़ती निवेशकों की रूचि का फायदा उठा रहे

### पांच वर्षों में 54 अरब डॉलर का विदेशी प्रवाह रहा

नारायण ने कहा कि पिछले पांच वर्षों में शेयर और ऋण में 54 अरब अमेरिकी डॉलर का विदेशी प्रवाह देखा गया है, जो पिछले पांच वर्षों के 19 अरब अमेरिकी डॉलर से बहुत अधिक है। उन्होंने कहा कि विदेशी निवेशकों की रुचि बनाए रखने के लिए निरंतर वृद्धि, व्यापक आर्थिक स्थिरता और कामकाज का उचित माहौल देने की जरूरत है।

### एफपीआई की निकासी उतनी बुरी नहीं

वाणिज्यिक बैंकर से नियामक बने नारायण ने विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (एफपीआई) की निकासी पर कहा कि स्थिति उतनी बुरी नहीं है, लेकिन " हमें आत्मसंतुष्ट नहीं होना चाहिए, क्योंकि भारत को विदेशी बचत की आवश्यकता है।"




**एफपीआई के पास 62 लाख करोड़ ऋण थे :** सेबी के सदस्य ने कहा कि फरवरी 2025 तक एफपीआई के पास भारतीय शेयर में 62 लाख करोड़ रुपये या 700 अरब डॉलर से अधिक और ऋण के रूप में करीब 5.9 लाख करोड़ रुपये या 68 अरब डॉलर थे।

## बिजनेस साइट

### पतंजलि विवि में 62वीं अखिल भारतीय शास्त्रोत्सव स्पर्धा का हुआ समापन



**हरिद्वार।** पतंजलि विश्वविद्यालय में आयोजित 62वीं अखिल भारतीय शास्त्रोत्सव स्पर्धा का समापन समारोह धूमधाम से संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने भारतीय शास्त्रों और ग्रंथों की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हमारे शास्त्र केवल ग्रंथ नहीं, बल्कि संपूर्ण सृष्टि के रहस्यों को जानने का माध्यम हैं। भारतीय शास्त्रों और ग्रंथों में ऐसे अद्भुत सूत्र निहित हैं, जो आज के आधुनिक ज्ञान-विज्ञान में भी परिलक्षित होते हैं। समारोह में पतंजलि विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य बालकृष्ण ने संस्कृत को तीर्थ और संस्कृति का गौरव बताते हुए जीवन में प्राचीन भारतीय शास्त्रों के महत्व को रेखांकित किया। आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि संस्कृत और भारतीय ज्ञान परंपरा जीवन की उन्नति के लिए मार्गदर्शक हैं।

### कैंसर जागरूकता के लिए बालको मेडिकल सेंटर का 'वॉक फॉर ए लाइफ 2025' वॉकथॉन कल

BMC Walkathon
WALK FOR A LIFE 2025

**रायपुर।** बालको मेडिकल सेंटर (बीएमसी) द्वारा 'वॉक फॉर ए लाइफ 2025' वॉकथॉन का आयोजन रविवार, 23 मार्च को किया जा रहा है। 'मिलाकर कदम से कदम कैंसर को हराकर लेंगे दम' के जागरूकता संदेश के साथ ये कार्यक्रम रायपुर के मरीन ड्राइव से शुरू होगा। वॉकथॉन की शुरुआत सुबह 6 बजे से होगी। इसमें शामिल होने के लिए इच्छुक प्रतिभागी सुबह मरीन ड्राइव पर पहुंच सकते हैं। प्रतिभागियों को टी-शर्ट पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर वितरित की जाएंगी। इसके अलावा, प्रतिभागियों को ब्रेकफास्ट, हाइड्रेशन और रूट सपोर्ट भी प्रदान किया जाएगा। वॉकथॉन मरीन ड्राइव से घड़ी चौक तक और फिर घड़ी चौक से मरीन ड्राइव तक आयोजित होगी। बालको मेडिकल सेंटर की चिकित्सा निदेशक डॉ. भावना सिरोही ने बताया कि इस वॉकथॉन का उद्देश्य लोगों को कैंसर के प्रति जागरूक करना और शुरुआती लक्षणों की पहचान के महत्व को समझाना है। उन्होंने कहा कि यदि कैंसर के शुरुआती लक्षणों का समय पर पता चल जाए, तो इलाज में काफी आसानी होती है। बालको मेडिकल सेंटर के मार्केटिंग हेड विपेंद्र सिंह राजपूत ने बताया कि इस वॉकथॉन में सभी वर्गों के लोग हिस्सा ले सकते हैं।

### एक्सिस बैंक ने 100 एमएसएमई लीडर्स को किया सम्मानित

**रायपुर।** देश में निजी क्षेत्र के अग्रणी बैंकों में से एक, एक्सिस बैंक ने इंडिया एसएमई फोरम के साथ साझेदारी में इंडिया एसएमई 100 अवाड्र्स 2025 का आयोजन नई दिल्ली में किया।

इस कार्यक्रम में शानदार प्रदर्शन करने वाले सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को उनके असाधारण योगदान, नवाचार और देश की आर्थिक वृद्धि में उनकी भूमिका के लिए सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाने वाले गणमान्य अतिथियों में शामिल थे– माननीय सुश्री शोभा करंदलाजे, राज्य मंत्री, श्रम और रोजगार मंत्रालय एवं एमएसएमई मंत्रालय, अमिताभ चौधरी, एमडी और सीईओ, एक्सिस बैंक, विजय शेट्टी, प्रेसिडेंट - हेड, - कमर्शियल बैंकिंग ग्रुप, एक्सिस बैंक, और प्रहलाद कक्कड़, चेयरमैन, इंडिया एसएमई फोरम। इन प्रतिष्ठित हस्तियों ने अपने विचारशील भाषणों के जरिये देश की आर्थिक प्रगति में एमएसएमई की महत्वपूर्ण भूमिका को उजागर किया।

## रुपया 36 पैसे मजबूत होकर 86.00 प्रति डॉलर पर बंद

एजेंसी ▶▶| मुंबई

घरेलू शेयर बाजारों में तेजी और विदेशी पूंजी के ताजा प्रवाह के बीच रुपये ने शुक्रवार को लगातार छठे कारोबारी सत्र में बढ़त दर्ज की और 36 पैसे मजबूत होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.00 (अस्थायी) पर बंद हुआ।

■ घरेलू शेयर बाजार में तेजी व विदेशी पूंजी प्रवाह से रुपया तेज

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 86.26 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान इसने 85.93 प्रति डॉलर के उच्च स्तर और 86.30 प्रति डॉलर के निम्न स्तर को छुआ। कारोबार के अंत में रुपया डॉलर के मुकाबले 86.00 (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो पिछले बंद स्तर से 36 पैसे की बढ़त दर्शाता है। रुपया बृहस्पतिवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.36 पर बंद हुआ था।रुपये में डॉलर के मुकाबले लगातार छठे कारोबारी सत्र में बढ़त दर्ज की गई। इस दौरान यह कुल 123 पैसे मजबूत हुआ है। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.19 प्रतिशत की बढ़त के साथ 104.04 पर रहा।



### क्रूड में भी गिरावट

अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 0.29 प्रतिशत की गिरावट के साथ 71.79 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा। घरेलू शेयर बाजार में बीएसई सेंसेक्स 557.45 अंक की बढ़त के साथ 76,905.51 अंक पर जबकि निफ्टी 159.75 अंक चढ़कर 23,350.40 अंक पर बंद हुआ।

## शेयर बाजार में पांचवें दिन जारी रही तेजी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

विदेशी कोषों की लिवाली और बैंक शेयरों में बढ़त के दम पर घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को लगातार पांचवें दिन बढ़त के साथ बंद हुए। प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स में 557 अंक और निफ्टी में 160 अंक की तेजी रही।

बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 557.45 अंक उछलकर 76,905.51 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 693.88 अंक बढ़कर 77,041.94 पर पहुंच गया था। इसी तरह निफ्टी 159.75 अंक प्रतिशत चढ़कर 23,350.40 अंक पर बंद हुआ। विशेषज्ञों ने कहा कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने इस साल दो बार ब्याज दरों में कटौती की बात कही है। इससे घरेलू बाजार में आशावाद फिर से जग गया है। सेंसेक्स के शेयरों में एनटीपीसी, बजाज फाइनेंस, कोटक महिंद्रा बैंक, एक्सिस बैंक, नेस्ले, लार्सन एंड टूब्रो, टाटा मोटर्स, आईसीआईसीआई बैंक, पावर ग्रिड और जोमैटो लाभ में रहे। दूसरी ओर इन्फोसिस, टाटा स्टील, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाइटन और बजाज फिनसर्व में गिरावट हुई।

## देश का विदेशी मुद्रा भंडार 30.5 करोड़ डॉलर बढ़ा



एजेंसी ▶▶| मुंबई

■ समाप्त सप्ताह में बढ़कर 654.271 अरब डॉलर पर

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 14 मार्च को समाप्त सप्ताह में 30.5 करोड़ डॉलर बढ़कर 654.271 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

इसके एक सप्ताह पहले देश का विदेशी मुद्रा भंडार 15.267 अरब डॉलर बढ़कर 653.966 अरब डॉलर हो गया था। यह दो वर्षों में किसी एक सप्ताह में आया सबसे तेज उछाल था। इस उछाल का श्रेय 28 फरवरी को केंद्रीय बैंक द्वारा किए गए 10 अरब डॉलर के विदेशी मुद्रा विनिमय को दिया गया। रुपये में उतार-चढ़ाव को कम करने में मदद के लिए आरबीआई द्वारा विदेशी मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप के साथ-साथ पुनर्मूल्यांकन के कारण हाल ही में विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट का रुख रहा है। सितंबर 2024 के अंत में विदेशी मुद्रा भंडार 704.88 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, समीक्षाधीन सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का एक प्रमुख हिस्सा विदेशी मुद्रा आस्तियां 9.6 करोड़ डॉलर घटकर 557.186 अरब डॉलर रह गईं। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है।

### स्वर्ण भंडार का मूल्य हुआ 74,391 अरब डॉलर

हालांकि, समीक्षाधीन सप्ताह में स्वर्ण भंडार का मूल्य 6.6 अरब डॉलर बढ़कर 74.391 अरब डॉलर हो गया। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 5.1 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.262 अरब डॉलर हो गया।

## सोना 400 रुपए टूटकर 91,250 पर, चांदी में 1700 की गिरावट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



वैश्विक बाजारों में कमजोरी और मुनाफावसूली की गतिविधियों के कारण राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के सराफा बाजार में सोना 400 रुपये की गिरावट के साथ 91,250 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। बुधवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना कल 91,650 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। वहीं, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 400 रुपये की गिरावट के साथ 90,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ जो एक दिन पहले 91,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहा था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ जिंस विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, "व्यापारियों द्वारा मुनाफावसूली और डॉलर में आए सुधार के कारण सोने की कीमतों में गिरावट आई है।

### अदाणी एनर्जी को 2800 करोड़ रुपए की परियोजना मिली...



**नई दिल्ली।** अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड (एईएसएल) ने गुजरात में 2,800 करोड़ रुपये की बिजली पारेषण परियोजना मिलने की शुक्रवार को घोषणा की। एईएसएल ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि वह गुजरात के मुंद्रा में हरित हाइड्रोजन और हरित अमोनिया के निर्माण के लिए हरित इलेक्ट्रॉन की आपूर्ति करेगी। कंपनी का चालू वित्त वर्ष 2024-25 में मिला यह छठा ठेका है, जिससे इसकी ऑर्डर बुक 57,561 करोड़ रुपये पर पहुंच गई है। एईएसएल ने शुल्क-आधारित प्रतिस्पर्धी बोली (टीबीसीबी) प्रक्रिया के तहत परियोजना हासिल की। पीएफसी कंसल्टिंग लिमिटेड बोली प्रक्रिया की समन्वयक थी।

## भारत की 6.79 लाख की पहली 5-स्टार सेफ्टी रेटेड टैक्सी कार पेश


# मारुति ने डिजायर टूर एस की चौथी जनरेशन कार की लांच

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मारुति सुजुकी ने आखिरकार भारतीय टैक्सी ऑपरेटर्स की फेवरेट डिजायर टूर एस की चौथी जनरेशन को लांच कर दिया है। इस बार यह सिर्फ एक नई कार नहीं, बल्कि भारत की पहली 5-स्टार बीएनसीएपी सेफ्टी रेटेड टैक्सी भी बन गई है।

■ कार देगी 33 किमी का माइलेज, छह एयरबैग समेत कई गजब सेफ्टी फीचर्स

ये कार 6 एयरबैग समेत कई गजब सेफ्टी फीचर्स से लैस है। मारुति डिजायर टूर एस के पेट्रोल वैरिएंट की कीमत 6.79 लाख रुपए (एक्स-शोरूम) है। वहीं, इसके सीएनजी वैरिएंट की कीमत 7.74 लाख रुपए है। ये सभी कीमतें एक्स-शोरूम की हैं। यह नई डिजायर टूर एस न केवल सुरक्षित है, बल्कि ज्यादा किफायती और भरोसेमंद भी है।



*भारत की पहली 5-स्टार बीएनसीएपी टैक्सी : इस कार की सबसे बड़ी खासियत इसकी सेफ्टी है। डिजायर टूर एस को भारत एनसीएपी (बीएनसीएपी) में 5-स्टार सेफ्टी रेटिंग मिली है, जो इसे भारत की सबसे सुरक्षित टैक्सी बना देती है। इसके सेफ्टी फीचर्स में 6 एयरबैग्स इलेक्ट्रॉनिक स्टेबिलिटी कंट्रोल , हिल होल्ड असिस्ट एबीएस एंड ईबीडी के साथ ब्रेक असिस्ट, रिवर्स पार्किंग सेंसर और स्पीड वार्निंग सिस्टम जैसे फीचर्स दिए गए हैं।*

### पावर और माइलेज–पेट्रोल-सीएनजी

डिजायर टूर एस दो इंजन ऑप्शन पेट्रोल और सीएनजी में आती है। पेट्रोल वैरिएंट में 1.2-लीटर इंजन दिया गया है, जो 82 पीएस की पावर और 112 एनएम का टॉर्क जेनरेट करने में सक्षम है। इसमें 5-स्पीड मैनुअल गियरबॉक्स दिया गया है। इसके माइलेज की बात करें तो इसका माइलेज 24.69 किमी प्रति लीटर का है। इसकी टॉप स्पीड 80 किमी प्रति लीटर (सेफ्टी कारणों से लिमिटेड) रखी गई है। वहीं, सीएनजी वैरिएंट की बात करें तो इसमें 1.2-लीटर सीएनजी इंजन दिया गया है, जो 70 पीएस की पावर और 102 एनएम का टॉर्क जेनरेट करने में सक्षम है। इसमें 5-स्पीड मैनुअल गियरबॉक्स दिया गया है। इसका माइलेज 33.73 किमी/किलोग्राम का है।

### डिजाइन और एक्सटीरियर

अगर पहले से डिजायर एलएक्सआई वैरिएंट को जानते हैं, तो नई टूर एस भी आपको उसी जैसी लगेगी। इसके कुछ प्रमुख हाईलाइट्स में ब्लैक्ड-आउट हॉरिजॉन्टल ग्रिल है, जिसके बीच में सुजुकी का लोगो मिलता है। इसके अलावा इसमें प्रोजेक्टर हलोजन हेडलाइट्स (एलईडी डीआरएल नहीं मिलते), ब्लैक डोर हैंडल और ओआरवीएम, 14-इंच सिल्वर स्टील व्हील्स, शार्क फिन एंटेना और एलईडी टेललाइट्स और बूट लिड पर 'टूर एस' बैजिंग मिलती है।

# आईपीएल : नए नियम और नए कप्तान बदलेंगे मैचों का रुख, 7 टीमों में नए खिलाड़ी पर भरोसा

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच शनिवार को यहां होने वाले मैच से इंडियन प्रीमियर लीग के 18वें सत्र का आगाज होगा जिसमें नए नियमों और नए कप्तानों पर सभी की निगाह रहेगी। नए नियमों में सबसे महत्वपूर्ण गेंद पर लार लगाने की अनुमति फिर से देना है। आईपीएल 2025 में कम से कम सात टीम नए कप्तान के साथ मैदान पर उतरेंगी। कोविड-19 महामारी के कारण गेंद पर लार लगाना प्रतिबंधित कर दिया गया था। अन्य नियमों में शाम को खेले जाने वाले मैचों में अगर अंपायरों को लगता है कि ओस खेल पर अपना प्रभाव डाल रही है तो वह दूसरी पारी के 11वें ओवर से नई गेंद का इस्तेमाल करने की अनुमति दे सकते हैं। शाम को होने वाले मैचों पर यह नियम लागू नहीं होगा। इसके अलावा टीम ऊंचाई और ऑफसाइड की वाइड के लिए भी निर्णय समीक्षा प्रणाली का उपयोग कर सकते हैं। इन सब के बीच इंपैक्ट प्लेयर का नियम पहले की तरह बरकरार रहेगा।

## कोलकाता-बेंगलुरु के बीच मुकाबला आज



### रजत के नाम ने चौंकाया

आईपीएल 2025 में कम से कम सात टीम नए कप्तान के साथ मैदान पर उतरेंगी। इनमें से कुछ खिलाड़ी विभिन्न कारण से कुछ मैच में ही अपनी टीम की अगुवाई करेंगे। सबसे चौंकाने वाला फैसला आरसीबी ने रजत पाटीदार को कप्तान बनाकर किया। अक्षर पटेल दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी करेंगे जबकि 2024 में केकेआर को चैंपियन बनाने वाले श्रेयस अय्यर इस बार पंजाब किंग्स की कमान संभालेंगे। कोलकाता की टीम की कप्तानी इस बार अजिंक्य रहाणे को सौंपी गई है। संजू सैमसन की उंगली की चोट के कारण रियान पराग राजस्थान रॉयल्स के शुरुआती मैचों में कप्तानी करेंगे।

### 43 वर्षीय धोनी की धमक 13 के वैभव में सूर्य सा ओज






पिछले कुछ वर्षों से महेंद्र सिंह धोनी की आईपीएल से संन्यास को लेकर चर्चा चलती रही है लेकिन यह 43 वर्षीय खिलाड़ी अब भी चेन्नई की टीम का अभिन्न अंग बना हुआ है। उन्होंने 2020 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया था लेकिन उन्होंने आईपीएल में खेलना जारी रखा है। धोनी से ठीक 30 साल छोटे वैभव सूर्यवंशी भी इस बार आईपीएल का हिस्सा होंगे। राजस्थान रॉयल्स ने उन्हें अपनी टीम से जोड़ा है और यह देखना दिलचस्प होगा कि उन्हें कितने मैच में खेलने का मौका मिलता है।


### टीमों ने बदले सहयोगी स्टाफ

आईपीएल में इस बार कुछ टीमों के सहयोगी स्टाफ में भी बदलाव किया गया है। रिकी पोंटिंग दिल्ली कैपिटल्स को छोड़कर पंजाब किंग्स में मुख्य कोच बन गए हैं। पोंटिंग की जगह हेमांग बदानी को दिल्ली कैपिटल्स का मुख्य कोच बनाया गया है। केविन पीटरसन दिल्ली कैपिटल्स में मेंटर के रूप में शामिल हो गए हैं, जबकि राहुल द्रविड़ मुख्य कोच के रूप में राजस्थान रॉयल्स में लौट आए हैं। लंबे समय तक चेन्नई की तरफ से खेलने वाले ड्वेन ब्रावो केकेआर के मेंटर होंगे।

### रोहित-कोहली पर नजर



रोहित शर्मा और विराट कोहली पर भी इस बार नजर रहेगी। पिछले साल भारत के टी20 विश्व कप में भारत के विजय अभियान का अंग रहे इन दोनों बल्लेबाजों ने इसके बाद सबसे छोटे प्रारूप के अंतरराष्ट्रीय स्तर से संन्यास ले लिया था। इसके बाद वह पहली बार टी20 क्रिकेट में खेलते हुए नजर आएंगे।



### वरुण के चक्र का विराट असर

अगर शनिवार को होने वाले मैच की बात करें तो कोलकाता और बेंगलुरु दोनों ही जीत के साथ शुरुआत करने के लिए तैयार हैं। इस मैच में सभी की निगाह स्पिनर वरुण चक्रवर्ती पर टिकी रहेंगी जिसमें उनका सामना कोहली और फिल साल्ट जैसे धुरंधर बल्लेबाजों से होगा। चक्रवर्ती ने चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

## आईपीएल से जुड़े आंकड़े



### सबसे ज्यादा रन

| खिलाड़ी | टीम | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली | बेंगलुरु | 8004 |
| शिखर धवन | 5 टीम | 6769 |
| रोहित शर्मा | मुंबई | 6628 |
| डेविड वार्नर | दिल्ली/हैदराबाद | 6565 |
| सुरेश रैना | चेन्नई/गुजरात | 5528 |

### व्यक्तिगत स्कोर

| खिलाड़ी | गेंद | रन |
|---|---|---|
| क्रिस गेल | 66 | 175 |
| बैंडन मैकुलम | 73 | 158* |
| क्विंटन डिकॉक | 70 | 140* |
| एबी डिविलियर्स | 59 | 133* |
| लोकेश राहुल | 69 | 132* |

### सबसे ज्यादा रन से जीत

| टीम | खिलाफ | जीत |
|---|---|---|
| मुंबई | दिल्ली | 146 |
| बेंगलुरु | गुजरात | 144 |
| कोलकाता | बेंगलुरु | 140 |
| बेंगलुरु | पंजाब | 138 |
| बेंगलुरु | पुणे | 130 |

### टीम का सर्वोच्च स्कोर

| टीम | खिलाफ | स्कोर |
|---|---|---|
| हैदराबाद | बेंगलुरु | 287/3 |
| हैदराबाद | मंबई | 277/3 |
| कोलकाता | दिल्ली | 272/7 |
| हैदराबाद | दिल्ली | 266/7 |
| बेंगलुरु | पुणे | 263/5 |

### टीम का सबसे छोटा स्कोर

| टीम | खिलाफ | रन |
|---|---|---|
| बेंगलुरु | कोलकाता | 49 |
| राजस्थान | बेंगलुरु | 58 |
| राजस्थान | बेंगलुरु | 59 |
| दिल्ली | मुंबई | 66 |
| दिल्ली | पंजाब | 67 |

### सबसे सफल टीम

मुंबई इंडियंस : 5 खिताब
2013, 2015, 2017, 2019, 2020

चेन्नई सुपर किंग्स : 5 खिताब
2010, 2011, 2018, 2021, 2023

कोलकाता नाइट राइडर्स : 3 खिताब
2012, 2014, 2024

### सबसे ज्यादा विकेट

| खिलाड़ी | विकेट |
|---|---|
| युजवेंद्र चहल | 205 |
| पीयूष चावला | 192 |
| ड्वेन ब्रावो | 183 |
| भुवनेश्वर कुमार | 181 |
| सुनील नारायण | 180 |

### सबसे ज्यादा मैच

| खिलाड़ी | मैच |
|---|---|
| महेंद्र सिंह धोनी | 264 |
| दिनेश कार्तिक | 257 |
| रोहित शर्मा | 257 |
| विराट कोहली | 252 |
| रविंद्र जडेजा | 240 |

### सबसे ज्यादा कैच

| खिलाड़ी | कैच |
|---|---|
| विराट कोहली | 114 |
| सुरेश रैना | 109 |
| कीरोन पोलार्ड | 103 |
| रविंद्र जडेजा | 103 |
| रोहित शर्मा | 101 |

## खबर संक्षेप



### आईपीएल में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगा हार्दिक

**नई दिल्ली।** मुंबई इंडियंस के पूर्व कोच मार्क बाउचर का मानना है कि आईपीएल के पिछले सत्र में मुश्किल दौर से गुजरने के बाद हार्दिक पंड्या अधिक मजबूत खिलाड़ी बने हैं। इस टूर्नामेंट के शनिवार से शुरू होने वाले नए सत्र में वह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में सफल रहेंगे। हार्दिक को जब पिछले सत्र में मुंबई इंडियंस का कप्तान नियुक्त किया गया तब बाउचर उसके मुख्य कोच थे। बाउचर ने कहा, 'पिछला सत्र वास्तव में उसके लिए बेहद मुश्किल रहा। वह जब भी मैदान पर कदम रखता दर्शक उसकी हूटिंग करने लग जाते। उसके साथ ऐसा व्यवहार नहीं किया जाना चाहिए था। वह 100 प्रतिशत सम्मान का हकदार था।'

### निरंतरता पर ध्यान, अन्य गेंदों पर भी कर रहे काम

**कोलकाता।** 'मिस्ट्री' स्पिनर वरुण चक्रवर्ती भारतीय टीम के साथ कोलकाता नाइट राइडर्स के प्रमुख खिलाड़ी रहे हैं और उनका मानना है कि निरंतरता ही सफलता की कुंजी है और वह अपनी कला में नयी विविधता जोड़ने पर काम कर रहे हैं। फिटनेस चुनौतियों से जूझने से लेकर भारत की हालिया चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के सफर में अहम भूमिका निभाने तक 'आर्किटेक्ट से क्रिकेटर' बने इस खिलाड़ी का सफर शानदार रहा है।



## स्विस ओपन

**तीन बार के विश्व चैंपियन को 18-21, 21-12, 21-5 से रौंदा**

# शंकर का बड़ा उलटफेर, वर्ल्ड नंबर-2 एंडर्स एंटोनसेन को 66 मिनट में रौंदा

एजेंसी ▶▶| बासेल

भारत के शंकर मुथुसामी सुब्रमण्यम ने डेनमार्क के विश्व में नंबर दो खिलाड़ी एंडर्स एंटोनसेन को तीन गेम के रोमांचक मुकाबले में उलटफेर का शिकार बनाकर यहां स्विस ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

विश्व जूनियर चैंपियनशिप 2022 के रजत पदक विजेता और वर्तमान में दुनिया में 64वें नंबर के 21 वर्षीय खिलाड़ी सुब्रमण्यम ने अपने रक्षण का प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए तीन बार के विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता को 66 मिनट में 18-21, 21-12, 21-5 से हराया। तमिलनाडु के रहने वाले सुब्रमण्यम के कॅरियर की यह सबसे बड़ी जीत है। उनका अगला मुकाबला फ्रांस के विश्व में 31वें नंबर के खिलाड़ी क्रिस्टो पोपोव से होगा। सुब्रमण्यम टूर्नामेंट में बचे एकमात्र भारतीय एकल खिलाड़ी हैं, जबकि त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई है। विश्व में नौवें नंबर की भारतीय जोड़ी ने गुरुवार को खेले गए मैच में जर्मनी की एमिली लेहमैन और सेलिन हब्श को 21-12, 21-8 से हराया।



### बरुआ हारकर बाहर

*अन्य भारतीय खिलाड़ियों में इशरानी बरुआ चीन की हान कियान शी से 63 मिनट में 19-21, 21-18, 18-21 से जबकि अनुपमा उपाध्याय महिला एकल के एक अन्य मैच में इंडोनेशिया की पुत्री कुसुमा वर्दानी से 17-21, 19-21 से हार गईं। सतीश करुणाकरन और आद्या वरियाथ की मिश्रित युगल जोड़ी को लियू कुआंग हेंग और झेंग यू चीह से 14-21, 16-21 से हार का सामना करना पड़ा।*

## क्रोएशिया ने फ्रांस को 2-0 से हराया



**जाग्रेब।** क्रोएशिया ने किलियन एम्बाप्पे और ओस्मान डेम्बेले की आक्रामक जोड़ी पर अंकुश लगाकर नेशंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल के पहले चरण में फ्रांस को 2-0 से हराया। एंटे बुदिमिर ने गुरुवार को खेले गए मैच में 26वें मिनट में इवान पेरीसिक के क्रॉस पर क्रोएशिया को बढ़त दिलाई। पेरिसिक ने पहले हाफ के स्टॉपेज समय में बढ़त को दोगुना कर एम्बाप्पे की अपनी राष्ट्रीय टीम में छह महीने के बाद वापसी को फीका कर दिया। पहले चरण के अन्य क्वार्टरफाइनल मैचों में जर्मनी ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए इटली को 2-1 से हराया, गत चैंपियन स्पेन ने नीदरलैंड के खिलाफ 2-2 से ड्रा खेला और डेनमार्क ने पुर्तगाल को 1-0 से पराजित किया।

## पाकिस्तान ने न्यूजीलैंड को नौ विकेट से रौंदा, हसन का शतक



एजेंसी ▶▶| ऑकलैंड

पाकिस्तान ने हसन नवाज की 45 गेंद में खेली गई नाबाद 105 रन की पारी से शुक्रवार को यहां तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में न्यूजीलैंड को नौ विकेट से हराकर श्रृंखला जीवंत रखी।

न्यूजीलैंड ने पांच मैच की श्रृंखला के शुरुआती दोनों मैच नौ विकेट और पांच विकेट से जीते थे। पाकिस्तान ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया जिसके बाद घरेलू टीम को 19.5 ओवर में 204 रन पर समेट दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए नवाज ने अपना पहला शतक जड़ा। कप्तान सलमान अली आगा (51 रन) ने दूसरे विकेट के लिए नवाज के साथ 133 रन की अटूट साझेदारी बनाने में अच्छा साथ निभाया। टीम ने पूरे चार ओवर रहते एक विकेट पर 207 रन बनाकर न्यूजीलैंड को विकेटों के लिहाज से टी20 में सबसे करारी शिकस्त दी। नवाज पहले दो मैच में खाता भी नहीं खोल सके थे।

## विनीसियस ने दिलाई ब्राजील को जीत, कोलंबिया को हराया



एजेंसी ▶▶| साओ पाउलो

विनीसियस जूनियर के आखिरी मिनट में किए गए गोल की मदद से ब्राजील ने विश्व कप क्वालीफाइंग मैच में कोलंबिया को 2-1 से हराया। अगर यह मैच ड्रॉ रहता तो ब्राज़ील दक्षिण अमेरिकी तालिका में छठे स्थान पर खिसक जाता। इसके बजाय वह विनीसियस जूनियर के गोल से अर्जेंटीना के बाद दूसरे स्थान पर आ गया।

दक्षिण अमेरिका की शीर्ष छह टीमों को अगले साल कनाडा, अमेरिका और मैक्सिको में होने वाले विश्व कप में सीधा प्रवेश मिलेगा।

## प्रणति नायक विश्व कप में वॉल्ट फाइनल के लिए क्वालीफाई



**नई दिल्ली।** भारतीय जिमनास्ट प्रणति नायक ने तुर्की के अंताल्या में एफआईजी अप्लायन्सेज विश्व कप के क्वालिफिकेशन राउंड में तीसरा स्थान हासिल कर वॉल्ट फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। टोक्यो ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली 29 वर्षीय प्रणति ने वॉल्ट क्वालिफिकेशन में 13.317 के कुल स्कोर के साथ फाइनल में जगह बनाई। वह जयला हैंग (13.783) और क्लेयर पीज़ (13.584) की अमेरिकी जोड़ी से पीछे रहीं। प्रणति के कोच अशोक कुमार मिश्रा ने कहा, 'प्रणति ने क्वालीफिकेशन में अच्छा प्रदर्शन किया और अगर वह फाइनल में इससे बेहतर प्रदर्शन करती है तो पदक जीत सकती है।' प्रणति ने पिछले साल पेरिस ओलंपिक से पहले काहिरा में एफआईजी अप्लायन्सेज विश्व कप की महिला वॉल्ट स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। उन्होंने 2019 (उलानबटोर) और 2022 (दोहा) में एशियाई चैंपियनशिप में वॉल्ट में कांस्य पदक जीते थे।

## पुणे मैराथन चैंपियन किरुलकर 3 साल और मोरे 5 साल के लिए बैन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के लंबी दूरी के धावक प्रधान किरुलकर और विवेक मोरे को प्रतिबंधित पदार्थों के जांच में पॉजिटिव आने पर 'एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट' द्वारा क्रमशः तीन और पांच साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया है। इन दोनों खिलाड़ियों के नमूने 15 दिसंबर 2024 को पुणे हाफ मैराथन के दौरान लिए गए थे। इससे पहले मंगलवार को अर्चना जाधव को चार साल के लिए प्रतिबंधित किया गया था। इसी स्पर्धा के दौरान लिया गया अर्चना का नमूना भी जांच में पॉजिटिव आया था।

किरुलकर ने 1:04:22 के समय के साथ पुणे हाफ मैराथन जीती थी। नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय डोप परीक्षण प्रयोगशाला में जांच के दौरान उनके नमूने में 'मेल्डोनियम' पाया गया था। उनकी प्रतिबंध अवधि 19 फरवरी से शुरू हुई है और 15 दिसंबर 2024 के बाद से उनके सभी परिणाम अयोग्य घोषित कर दिए जाएंगे।



चौबीस साल के मोरे का नमूना भी पिछले साल दिसंबर में इसी स्पर्धा में एकत्र किया गया था। उनके नमूने की जांच में 'मेफेनटेरमाइन, मेल्डोनियम और डीईपीओ' की पुष्टि हुई। अर्चना के नमूने में प्रतिबंधित पदार्थ 'ऑक्सन्ड्रोलोन' पाया गया। यह 'सिंथेटिक एनाबॉलिक स्टेरॉयड' शरीर में प्रोटीन उत्पादन और मांसपेशियों के निर्माण को बढ़ावा देता है।




## आईओसी का ऐतिहासिक फैसला पहली बार महिला बनी अध्यक्ष

एजेंसी ▶▶| कोस्टा नवारिनो


जिम्बाब्वे की खेल मंत्री और दो बार की ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता तैराक क्रिस्टी कॉवेंट्री को गुरुवार रात को अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति की नई अध्यक्ष चुना गया। कॉवेंट्री इस पद पर चुनी जाने वाली पहली महिला और संभवतः पहली अफ्रीकी हैं। आइओसी के चुनाव में कॉवेंट्री के पक्ष में 97 सदस्यों में से 49 ने पक्ष में मतदान किए। 41 वर्षीय कॉवेंट्री 2033 तक आईओसी अध्यक्ष पद पर रहेंगी और वह इस पद पर चुनी जाने वाली सबसे युवा हैं। क्रिस्टी निवर्तमान अध्यक्ष थॉमस बाक की जगह लेंगी, जिनका कार्यकाल 23 जून को समाप्त होगा। अध्यक्ष पद की दौड़ में ब्रिटेन के सेबेस्टियन को, स्पेन के जुआन एंटोनियो, फ्रांस के डेविड



लेपार्टियंट, जॉर्डन के प्रिंस फैजल, स्वीडन की जोहान इलियाश और जापान के मोरीनारी वातानाबी भी थे। सेबेस्टियन को पद के प्रबल दावेदार माने जा रहे थे, लेकिन क्रिस्टी ने उन्हें पछाड़ दिया। जीत के बाद कॉवेंट्री ने कहा, मैं आप सभी को गौरवान्वित महसूस कराऊंगी और उम्मीद है कि आपने जो निर्णय लिया है, उस पर आप सभी को बहुत भरोसा होगा।

## पनामा ने फाइनल में बनाई जगह

**इंगलवुड।** सेसिलियो वॉटरमैन ने दूसरे हाफ के इंजुरी टाइम के चौथे मिनट में गोल किया जिससे पनामा तीन बार के गत चैंपियन अमेरिका को 1-0 से हराकर कॉनकाफ नेशंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने में सफल रहा। जब लग रहा था कि मैच अतिरिक्त समय तक खिंच जाएगा तब वाटरमैन ने अमेरिकी बॉक्स में एडलबर्टो कैरासक्विला से दाहिनी ओर से पास लिया और मैट टर्नर को पीछे छोड़ते हुए शानदार गोल दागा। अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में अपना 11वां गोल करने वाले वॉटरमैन ने मैच के बाद कहा, 'मेरे करियर में मेरे साथ कई अच्छी चीजें हुई हैं, लेकिन यह सबसे अलग है।






हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com